दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, सोमवार 26 दिसंबर 2022, शुक्ल पक्ष तृतीया, विक्रम संवत-2078 वर्ष-8 अंक-246 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

भारत में कोरोना ककी चौथी लहर किस कदर कहर ढाएगी यह पता नहीं है इसलिए सरकार सतर्क है। सबसे बड़ी चुनौती दो देशों की 75 प्रतिशत आबादी को कोरोना का बुस्टर डोज लगाना है। कोरोना की तीसरी लहर के बेअसर होने के बाद तीन चौथाई लोगों ने बुस्टर डोज ली ही नहीं लिया था। कोरोना का नया वेरिएंट बीएफ-7 ने चीन सहित दुनिया के कई देशों में जैसा कोहराम मचा रखा है उसे मद्देनजर रखकर सरकार तो एहतियाती कदम उठा रही है। अब बारी जनता की है जिसे कोरोना गाइड लाइन का इमानदारी पूर्वक पालन करने कमर कसनी होगी।

//-- सुविचार --//

प्रत्येक कार्य अपने समय पर होता है, जैसे पौधों में फूल और फल अपने समय पर आते हैं।

सूर्योदय

उदय : 7:10 प्रात:

अस्त : 5:44 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 8,007,364,484

भारत: 1,414,379,888

बाजार

सेंसेक्स : 59845.29

निफ्टी: 17806.80

गोल्ड : 54,530 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 70,100 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 5.46 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	30.8	16.0
बिलासपुर	30.6	14.5
जगदलपुर	31.7	12.0
अंबिकापुर	26.2	12.9

आज का दिवस

वीर बाल दिवस :- भारत के प्रधान मंत्री ने घोषणा की है कि 26 दिसंबर को अंतिम सिख गुरु, गुरु गोबिंद सिंह के चार पुत्रों 'साहिबजादे' के साहस को श्रद्धांजलि देने के लिये 'वीर बाल दिवस' के रूप में चिह्नित किया जाएगा। इस तारीख को चुना गया है क्योंकि इस दिन को साहिबजादा जोरावर सिंह और फतेह सिंह के शहादत दिवस के रूप में मनाया जाता था, जो मुगल सेना द्वारा सरहिंद (पंजाब) में छह और नौ साल की उम्र में मारे गए थे। उन्हें सिख धर्म में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिये जाना जाता है, जिसमें बालों को ढकने के लिये पगड़ी भी शामिल है।

कोरोना को लेकर सरकार अलर्ट : सरकारी अस्पताल में 27 दिसंबर को मॉकड्रिल

■ **सभी जिलों के कलेक्टरों को निर्देश जारी, तीन महीने तक रखेंगे दवाईयों का स्टॉक**

रायपुर/नवप्रदेश। विश्व में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच अब भारत सरकार कोरोना से निपटने की तैयारियों में जुट गई है। सभी राज्यों में कोरोना से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए सरकार मॉक ड्रिल की मदद लेगी। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के सभी सरकारी अस्पतालों में जीवन दायी उपकरणों को चलाने और कोरोना प्रबंधन प्रोटोकाल का मॉक ड्रिल किया जाएगा। दरअसल, चीन, जापान आदि देशों में कोरोना मरीजों की बढ़ती संख्या के बीच अब हर तरह की परिस्थिति से निपटने की पहले से तैयारी शुरू हो गई है। इसके तहत वेंटिलेटर, मल्टी पैरामॉनिटर, आक्सीजन कंसन्ट्रेटर जैसे जीवन रक्षक उपकरणों की जांच करके उनको एक्टिव किया जाना है ताकि विपरीत परिस्थितियों से निपटने के लिए मैन पॉवर और उपकरणों की जरूरत का आंकलन किया जा सके। मॉक ड्रिल की तैयारी करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को पत्र लिखा है। स्वास्थ्य सचिव आर प्रसन्ना द्वारा जारी पत्र में कलेक्टरों को कोविड प्रोटोकॉल मैनेजमेंट के तहत मॉक ड्रिल करने के लिए कहा गया है। साथ ही मॉक ड्रिल की रिपोर्ट केंद्र सरकार के पोर्टल में एंट्री करने के लिए भी कहा गया है। स्वास्थ्य सचिव

ने लिखा है कि प्रदेश में अभी कोविड की स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन किसी भी तरह की आपातकालीन स्थिति के लिए तैयार रहें। साथ ही किसी भी तरह की भ्रामक खबर का खंडन करने के लिए भी कहा गया है ताकि लोगों में भय का माहौल न बने।

टीकाकरण बढ़ाने के दिए निर्देश

राज्य सरकार ने कोविड संक्रमण से बचाव के लिए भी निर्देश जारी किया है। इसके तहत फ्रंट लाइन वर्कर का शत प्रतिशत टीकाकरण कराने और टीकाकरण की जिले स्तर पर समीक्षा करने के लिए कहा गया है। जहां टीकाकरण की रफ्तार धीमी है, उन गांवों, शहरों, वार्ड मोहल्ला और पारा को चिन्हित करके वहां टीकाकरण की गति बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए हैं। राज्य सरकार कोविड प्रोटोकॉल के तहत जरूरी दवाओं का भी सरकारी अस्पतालों में स्टॉक सुनिश्चित करने में जुट गई है। कलेक्टरों को आपात स्थिति से निपटने के लिए अस्पतालों में दवा, कन्ज्यूमेबल एवं रिएजेंट का तीन माह का स्टॉक हर हाल में सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

इस तरह से परखेंगे अपनी तैयारी

- जीवन रक्षक उपकरणों वेंटिलेटर, ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर को एक्टिव किया जाएगा।
- पीएसए प्लांट को चालू किया जाएगा।
- लिक्विड ऑक्सीजन और ऑक्सीजन सिलेंडर की उपलब्धता का परीक्षण किया जाएगा।
- ऑक्सीजन गैस पाइप लाइन की जांच की जाएगी।
- पता लगाएंगे कि कितने चिकित्सक एवं पैरा मेडिकल स्टॉफ जीवन रक्षक उपकरण चलाने में सक्षम है।

बाहर से आने वालों की होगी जांच : एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन पर जांच के लिए स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि हम केंद्र से जानकारी मांग रहे हैं कि हमें बाहर से आने वाले लोगों की जानकारी दी जाए। पहले जैसे जानकारी देते थे वैसी ही मांगी जाएगी। बाहर से जो यात्री आ रहे हैं। संबंधित राज्यों को सूचना दी जाती थी तो ऐसी जानकारी फिर से लेनी चाहेंगे ताकि बाहर से आने वाले जो लोग हैं उनकी टेस्टिंग हम अनिवार्य रूप से कर सकें।

बीएसएफ जवान ने अपने ही साथी की गोली मारकर की हत्या

■ **दूसरे जवान पर भी चलाई गोली, आरोपी हिरासत में**

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर जिले के पीजी कॉलेज में बीएसएफ जवान ने अपनी इंसास राइफल से प्रधान आरक्षक की गोली मारकर हत्या कर दी। दूसरे जवान पर भी 4 राउंड गोली चलाई, लेकिन वो बाल-बाल बच गया। घटना रविवार सुबह 8 बजकर 5 मिनट की है। पुलिस ने आरोपी जवान को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक, आरोपी पुरुषोत्तम कुमार जिला जेल में पदस्थ सीएएफ की 11वीं बटालियन सी कम्पनी का जवान है। लेकिन भानुप्रतापपुर उपचुनाव के समय उसकी ड्यूटी पीजी कॉलेज में लगाई गई थी। यहां वो स्ट्रॉन्ग रूम में जहां ईवीएम रखे हुए हैं, वहां तैनात था। अन्य जवानों ने बताया कि वो पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहा था, इसलिए छुट्टी की मांग कर रहा था। शनिवार रात में उसकी ड्यूटी लगी थी, लेकिन जब उसने तबीयत खराब होने की बात कही, तो उसे मेजर ने छुट्टी दे दी और उसकी जगह जवान बृजेश भारद्वाज की ड्यूटी लगाई गई। लेकिन रविवार सुबह किसी बात को लेकर कुछ विवाद हुआ और पुरुषोत्तम ने प्रधान आरक्षक सुरेंद्र भगत और साथी जवान बृजेश भारद्वाज पर गोली चला दी। इसमें प्रधान आरक्षक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बृजेश की जान बाल-बाल बच गई।

तनाव से गुजर रहा था जवान

जानकारी के मुताबिक, आरोपी जवान पुरुषोत्तम कुमार पिछले कुछ दिनों से किसी बात को लेकर तनाव में था, लेकिन उसकी वजह का खुलासा अभी तक नहीं हुआ है। आरोपी जवान पुरुषोत्तम कुमार मूल रूप से मध्यप्रदेश के भिंड का रहने वाला है। जबकि मृतक प्रधान आरक्षक सुरेंद्र भगत पिता गोविंद राम भगत प्रधान आरक्षक 11वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल निवासी सीतापुर सरगुजा छत्तीसगढ़ का रहने वाला है।

बुलेट प्रूफ जैकेट पहनकर पहुंचे

एसपी शलभ सिन्हा ने बताया कि आरोपी जवान पुरुषोत्तम सिंह की रात में 12 से 2 बजे तक संत्री ड्यूटी थी, लेकिन उसने तबियत खराब होने की बात कही, तो मेजर सुरेन्द्र भगत ने उसकी ड्यूटी कैंसल कर दी थी। रविवार सुबह 8 बजे मेजर सुरेन्द्र भगत नहाकर कमरे में गए, इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया और आरोपी जवान ने अपने ही मेजर पर गोली चला दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। गोली की आवाज सुनकर मौके पर मौजूद सीएएफ और बीएसएफ के अन्य जवान भी पहुंचे, लेकिन आरोपी जवान के हाथ में राइफल होने के कारण कोई अंदर जाने की हिम्मत नहीं कर पा रहा था। पुलिस अफसर पर बुलेट प्रूफ जैकेट पहनकर पहुंचे और एक से डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आरोपी जवान को हिरासत में लिया।

एक्ट्रेस तुनिषा सुसाइड केस में शीजान खान 4 दिन की रिमांड पर

मुंबई। एक्ट्रेस तुनिषा शर्मा सुसाइड केस में रविवार को को-स्टार शीजान मोहम्मद खान को कोर्ट ने 4 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। शनिवार को खुदकुशी के कुछ ही घंटे के बाद तुनिषा की मां की शिकायत पर शीजान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। रविवार को उसे वसई कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। शीजान पर आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया गया है। हालांकि शीजान के वकील ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद सब कुछ साफ हो जाएगा। मुंबई के एसपी चंद्रकांत जाधव ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि तुनिषा और शीजान का लव अफेयर चल रहा था। उनका 15 दिन पहले ब्रेक हुआ था, जिसकी वजह से तुनिषा ने शनिवार को अपने शो के सेट पर फांसी लगा ली थी। इसके बाद तुनिषा की मां ने उसके को-स्टार शीजान के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके आधार पर हमने उसे गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया था। उन्होंने बताया कि 'पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में साफ हुआ है कि तुनिषा की मौत फांसी लगाने से ही हुई है। फिलहाल हमारी जांच जारी है और हमने आरोपी शीजान को हिरासत में ले लिया है। उसका फोन भी हमने जब्त कर लिया है। इस केस में किसी और अफेयर, ब्लैकमेल या लव-जिहाद का कोई एंगल अभी तक सामने नहीं आया है।' उन्होंने ये भी बताया कि तुनिषा के हाथ में कुछ दिन पहले मोच आई थी, जिसपर उसने क्रेप बैंडेज बांधा था। तुनिषा ने इसी क्रेप बैंडेज से फांसी लगाई थी। इससे पहले तुनिषा की एक्ट्रेस दोस्त रैया लबीब ने दावा किया था कि उन्हें आशंका है कि तुनिषा प्रेग्नेंट थी और अपने बॉयफ्रेंड व को-स्टार शीजान से शादी करना चाहती थी। हालांकि शीजान अभी शादी के लिए तैयार नहीं था, जिसके चलते तुनिषा 3 महीने से डिप्रेशन में थी। रैया का दावा है कि वे पिछले 2-3 साल से तुनिषा को जानती थीं और मुंबई के एक ब्यूटी पार्लर में कई बार तुनिषा से उनकी बात हुई थी।

तिहाड़ में बंद मंत्री सत्येंद्र जैन की सुविधाओं में कटौती

नई दिल्ली। मनी लॉन्ड्रिंग केस में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन की सुविधाएं घटा दी गई हैं। जैन के सेल से कुर्सी, टेबल और दरी भी हटा दी गई है। अब उनकी सेल में सिर्फटीवी है। यह सजा उन्हें कुल 15 दिनों के लिए मिली है। इस दौरान वह किसी से मिल भी नहीं पाएंगे। उन पर जेल मैनुअल के उल्लंघन का आरोप लगा है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना की ओर से गठित कमेटी की सिफारिशों के बाद यह फैसला लिया है। पिछले महीने यानी नवंबर में सत्येंद्र जैन की कुछ फुटेज सामने आई थीं, जिनमें उनको सेल में सुविधाएं लेते देखा गया था। फुटेज में कई कैदी सेल में उनकी मालिश करते दिखे थे।उनकी सेल में कुर्सी, टेबल और दरी भी नजर आई थी, जो जेल के नियम के खिलाफ है। शनिवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना की ओर से गठित हाई पावर्ड कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद यह कार्रवाई की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जेल में बंद अन्य कैदियों को भी ये निर्देश दिए गए हैं कि जैन की मदद के लिए कोई उनकी सेल में नहीं जाएगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि जेल प्रमुख संदीप गोयल की जैन के साथ मिलीभगत थी। कमेटी ने मंत्री को सेल में वीआईपी ट्रीटमेंट देने के लिए गोयल के खिलाफ भी एक्शन लेने को कहा है।

पूर्व क्रिकेटर गावस्कर की मां का निधन

नई दिल्ली। दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर की मां मीनल गावस्कर का शनिवार को मुंबई में निधन हो गया। हादसे के वक्त गावस्कर बांग्लादेश के मीरपुर स्टेडियम में भारत-बांग्लादेश टेस्ट मैच की कॉमेंट्री कर रहे थे। 95 साल की मीनल लंबे समय से बीमार थीं। 24 दिसंबर की सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। 73 साल के सुनील गावस्कर ने भारत के लिए 108 वनडे और 125 टेस्ट खेले हैं। इनमें उन्होंने 13 हजार से ज्यादा रन बनाए।

एनएच पर पलटी यात्री बस, 2 की मौत, 4 यात्रियों की हालत गंभीर

■ **रायपुर से बीजापुर जाते वक्त तेज रफ्तार के चलते हुआ हादसा**

बीजापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में जगदलपुर-बीजापुर नेशनल हाईवे 163 पर एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बस में सवार 2 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि 4 घायल भी हुए हैं। बताया जा रहा है कि, बस की रफ्तार अधिक थी। टर्निंग पॉइंट में ड्राइवर को झपकी आ गई। बस अनियंत्रित हो गई और कुछ दूरी पर जाकर सड़क किनारे पलट गई। मामला जिले के बांगापाल थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, राजधानी रायपुर से बीजापुर तक चलने वाली कुशवाह ट्रैवल्स की बस दुर्घटनाग्रस्त हुई है। बताया जा रहा है कि, बांगापाल थाना से सिर्फ 2 किमी दूर बीजापुर की तरफ हादसा हुआ। हादसा सुबह करीब 5 बजे का बताया जा रहा है। इस मार्ग से गुजर रहे लोगों ने इस हादसे की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर बांगापाल थाना से जवान पहुंचे। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हारते-हारते जीती टीम इंडिया, चौथी बार बंगलादेश का किया क्लीन स्वीप

नई दिल्ली। टीम इंडिया ने मीरपुर टेस्ट में बांग्लादेश पर संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की है। उसने मेजबान को 3 विकेट से हरा दिया। इस जीत से भारत ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली है। उसने चौथी बार बांग्लादेश को उसके घर में क्लीन स्वीप किया है। भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की पॉइंट टेबल के दूसरे स्थान पर है। उसके 58.93 अंक हो गए हैं। ऑस्ट्रेलिया 76.92 प्रतिशत अंकों के साथ पहले स्थान पर है। चौथे दिन रविवार के पहले सेशन में भारतीय टीम ने श्रेयस-अश्विन की अर्धशतकीय साझेदारी के सहारे जीत के लिए जरूरी रन 7 विकेट पर बना डाले। दोनों ने 8वें

विकेट के लिए नाबाद 71 रन जोड़े। 90 साल बाद भारत की ओर से टेस्ट की चौथी पारी में 8वें विकेट के लिए 70+ की पार्टनरशिप हुई। श्रेयस अय्यर ने नाबाद 29 और अश्विन ने 42 रन बनाए। इनसे पहले तीसरे दिन नाबाद लौटे अक्षर पटेल 34 रन बनाकर आउट हुए। जबकि नाइट वॉचमैन जयदेव उनादकट ने 13 रन बनाए। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नए भारत में भुखमरी बेरोजगारी सिर उठा रही

■ **पीएम मोदी को राष्ट्रपिता कहना उनका अपमान : राउत**

मुंबई। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी को नए भारत का राष्ट्रपिता कहने का मामला तूल पकड़ रहा है। शिवसेना नेता व राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने इसे लेकर रविवार को 'सामना' में तंज कसा। उन्होंने भाजपा से पूछा कि क्या वह अमृता फडणवीस के विचार से सहमत है? क्योंकि, ऐसा कहना पीएम मोदी का अपमान है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आजादी में भाजपा का क्या योगदान

राउत ने दावा किया कि 'राष्ट्रपिता' की उपाधि महात्मा गांधी को देश के लोगों ने दी थी। हालांकि, शिवसेना के संस्थापक दिवंगत बालासाहेब ठाकरे सहित कई राजनीतिक विरोधियों को इस पर आपत्ति थी, लेकिन यहां मुद्दा यह नहीं है कि 'राष्ट्रपिता' या 'सरदार' कौन है। सवाल इस बात का है कि स्वतंत्रता संग्राम में भाजपा का क्या योगदान है? राउत ने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस की स्वतंत्रता आंदोलन में कोई भूमिका नहीं थी। इसीलिए उसे सरदार वल्लभभाई पटेल और नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे कांग्रेस से जुड़े महापुरुषों के प्रतीक चुराने पड़े।

गरमा-गरम

जवाब प्रस्तुत ... सीएम बोले- संविधान में ऐसी व्यवस्था नहीं फिर भी जानकारी दी, अब हस्ताक्षर करें राज्यपाल

सरकार ने राज्यपाल द्वारा विभागों से मांगी गई जानकारी राजभवन भेजी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में आरक्षण की गेंद प्रदेश सरकार ने फिर से राज्यपाल के पाले में डाल दी है। राज्यपाल ने आरक्षण विधेयक को हरी झंडी देने से पहले सरकार से दस बिंदुओं पर जानकारी मांगी थी। हालांकि, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा था कि राज्यपाल को सीधे विभागों से जानकारी मांगने का अधिकार नहीं है। बावजूद इसके अब सरकार ने राज्यपाल द्वारा मंगाई गई जानकारी राजभवन भेज दिया है। रविवार को बेमेतरा रवाना होने से पहले हेलीपैड पर सीएम भूपेश बघेल ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि संविधान में ऐसी व्यवस्था नहीं है फिर भी राज्यपाल ने जो

जानकारी मांगी थी, उसे भेज दिया गया है। अब उन्हें अविलंब हस्ताक्षर कर देना चाहिए। बता दें कि आरक्षण को लेकर सरकार और राजभवन के बीच टकराव देखने को मिल रहा। कभी राजभवन सरकार के पाले में गेंद डालता है तो कभी सरकार राजभवन के पाले में। हालांकि, बिलासपुर हाईकोर्ट द्वारा आरक्षण पर स्टे समाप्त करने के बाद राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख अविलंब विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर आरक्षण विधेयक पास करने कहा था। उन्होंने लिखा था कि आरक्षण कम होने से आदिवासियों का बड़ा नुकसान हो रहा है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सर्व आदिवासी समाज ने दी है चेतावनी

आरक्षण के संबंध में हाईकोर्ट के फैसले के बाद फिलहाल राज्य में आरक्षण का नया रोस्टर लागू नहीं है। सामान्य प्रशासन विभाग ने भी सूचना का अधिकार के तहत दिए गए एक जवाब में इसे स्वीकार किया है। अब आदिवासी सहित अन्य समाज के लोगों की नजर राज्यपाल की ओर है। राज्यपाल अनुसुइया उइके जब संशोधन विधेयक में दस्तखत करेंगी तो आरक्षण लागू हो पाएगा। इधर, छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज ने 27 दिसंबर को राजभवन के घेराव का आह्वान किया गया है। सर्व आदिवासी समाज के युवा प्रभाग के प्रदेश अध्यक्ष कुंदन सिंह ठाकुर के नाम से एक पत्र जारी हुआ है। पत्र में लिखा है, जैसा कि हम सब आदिवासी समाज जानते हैं कि रमनराज्य ने आश्वस्त किया था कि 32 प्रतिशत आरक्षण विधेयक जैसे ही विधानसभा में पास होगा, वैसे ही वे तुरंत हस्ताक्षर कर देंगी। 22 दिन बाद भी राज्यपाल ने हस्ताक्षर नहीं किया है। इससे समाज आहत और उद्वेलित है। आदिवासी समाज इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। राज्यपाल के हस्ताक्षर की मांग को लेकर 27 दिसंबर को सुबह 11 बजे से राजभवन घेराव का कार्यक्रम आयोजित है।

आदिवासी विधायक कर चुके थे मुलाकात

गुरुवार को कांग्रेस के आदिवासी विधायकों का एक प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिला था। मुलाकात के दौरान विधायकों ने आरक्षण विधेयकों पर हस्ताक्षर करने की मांग की। जवाब में राज्यपाल अनुसुइया उइके ने 10 सवालों की सूची उन्हें भी पकड़ाकर कहा था कि, इनका जवाब सरकार से मिल जाए तो हस्ताक्षर कल हो जाएगा। आदिवासी विकास और स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम की अगुवाई में कांग्रेस के आदिवासी विधायकों का दल राजभवन पहुंचा था। इसमें अधिकतर विधायक सरगुजा संभाग और मध्य क्षेत्र के थे। बस्तर क्षेत्र से केवल शिशुपाल शोरी और सावित्री मंडावी ही प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे। यहां करीब एक घंटे तक उनकी राज्यपाल अनुसुइया उइके से बातचीत हुई थी।

संपादकीय

क्रिसमस का इतिहास और महत्व

विश्वभर में प्रतिवर्ष 25 दिसम्बर को मनाया जाने 'क्रिसमस' पर्व ईसाई समुदाय का सबसे बड़ा त्यौहार है और संभवतः सभी त्यौहारों में क्रिसमस ही एकमात्र ऐसा पर्व है, जो एक ही दिन दुनियाभर के हर कोने में उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया जाता है। क्रिसमस पर्व वास्तव में धार्मिक मायनों में केवल एक महत्वपूर्ण त्यौहार ही नहीं है बल्कि इसका एक सांस्कृतिक नजरिया भी है। यह पर्व केवल एक दिन का उत्सव नहीं है बल्कि यह पूरे 12 दिन का पर्व है, जो क्रिसमस की पूर्व संध्या से शुरू हो जाता है। हिन्दुओं में जो महत्व दीवाली का है, मुस्लिमों में जितना महत्व ईद का है, वही महत्व ईसाईयों में क्रिसमस का है। जिस प्रकार हिन्दुओं में दीवाली पर अपने घरों को सजाने की परम्परा है, उसी प्रकार ईसाई समुदाय के लोग क्रिसमस के अवसर पर अपने घरों को सजाते हैं। इस अवसर पर शंकु आकार के विशेष प्रकार के वृक्ष 'क्रिसमस ट्री' को सजाने की तो विशेष महत्ता होती है, जिसे रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया जाता है। मान्यता है कि करीब दो हजार वर्ष पूर्व 25 दिसम्बर को ईसा मसीह ने समस्त मानव जाति का कल्याण करने के लिए पृथ्वी पर जन्म लिया था। तब पूरे रोम में धार्मिक आडम्बर चारों ओर फैले थे, रोम शासक यहूदियों पर अत्याचार करते थे, धनाढ़य वर्ग विलासितापूर्ण जीवन व्यतीत करता था जबकि गरीबों की हालत अत्यंत दयनीय थी। चारों ओर अशांति फैली थी, भाई-भाई का शत्रु बन गया था, धर्मस्थलों के पादरी अथवा पुजारी स्वार्थसिद्धि में लिप्त थे, छोटे-बड़े, अमीर-गरीब, ऊंच-नीच के बीच भेदभाव की गहरी खाई बन चुकी थी। ऐसे विकट समय में पृथ्वी पर जन्म लिया था यीशु (ईसा मसीह) ने। ईसाई धर्म के लोग मानते हैं कि ईसा के जन्म के साथ ही समूचे विश्व में एक नए युग का शुभारंभ हुआ था, यही कारण है कि हजारों वर्ष बाद भी उनके प्रति लोगों का वही उत्साह, वही श्रद्धा बरकरार है और 25 दिसम्बर की मध्य रात्रि को गिरिजाघरों के घड़ियाल बजते ही 'हैप्पी क्रिसमस' के उद्घोष के साथ जनसैलाब उमड़ पड़ता है, लोग एक-दूसरे को गले मिलकर बधाई देते हैं और आतिशबाजी भी करते हैं। इस अवसर पर लोग गिरिजाघरों के अलावा अपने घरों में भी खुशी और उल्लास से ऐसे गीत गाते हैं, जिनमें ईसा मसीह द्वारा दिए गए शांति, प्रेम एवं भाईचारे के संदेश की महत्ता स्पष्ट परिलक्षित होती है। हालांकि इस बात का कोई स्पष्ट प्रमाण नहीं मिलता कि क्रिसमस का त्यौहार मनाने की परम्परा कब, कैसे और कहां से शुरू हुई थी लेकिन माना जाता है कि यह पर्व मनाने की शुरूआत रोमन सभ्यता के समय ईसा मसीह के शिष्यों ने ही की होगी। जिन ईसा मसीह की स्मृति में लोग क्रिसमस का त्यौहार मनाते हैं, उनका जन्म अत्यंत विकट परिस्थितियों में हुआ था। दिसम्बर के महीने की हाड़ कंपा देने वाली कड़ाके की ठंड में इसराइल के येरूसलम से 8 किलोमीटर दूर बेथलेहम नामक एक छोटे से गांव में आधी रात के वक्त खुले आसमान तले एक अस्तबल में एक गरीब यहूदी यूसुफकी पत्नी मरियम की कोख से जन्मे थे यीशु, जिनके जन्म की सूचना सबसे पहले हेरोद जैसे क्रूर सम्राट को नहीं बल्कि गरीब चरवाहों को मिली थी। माना जाता है कि ये चरवाहे उसी क्षेत्र में अपनी भेड़ों के झुंड के साथ रहा करते थे और जिस रात ईसा ने धरती पर जन्म लिया, उस समय ये लोग खेतों में भेड़ों के झुंड की रखवाली करते हुए आग ताप रहे थे। कहा जाता है कि मरियम जब गर्भवती थी तो एक रात गैबरियल नामक एक देवदूत मरियम के सामने प्रकट हुआ, जिसने मरियम को बताया कि उन्हें ईश्वर के बेटे की मां बनने के लिए चुना गया है।

महंगाई और बेरोजगारी पर 2023 का संकल्प

प्रेम शर्मा

ऐसा माना जाता है कि बेरोजगारी और महंगाई से हर कोई आहत है और यह भी कि हर कोई बेरोजगारी और महंगाई को कम करने के लिए दृढ़संकल्प है। व्यापार को बेरोजगारी अच्छी लगती है। क्योंकि, नौकरियां कम हैं और उन्हें चाहने वालों की तादाद ज्यादा है, इसलिए बढ़ती बेरोजगारी में नौकरी देने वालों के लिए सौदेबाजी करना आसान रहता है। नतीजतन, मेहनताना कम देना पड़ता है। वेतन वृद्धि नगण्य होती है।चूंकि नौकरी-पेशा लोगों या यहां तक कि स्वरोजगार करने वालों की सौदेबाजी की शक्ति कमजोर है, इसलिए परिवार की औसत आय में मामूली वृद्धि होती है। कम आर्थिक वृद्धि या मंदी के दौर में औसत परिवार की स्थिति और खराब हो जाती है।सरकारी भर्ती निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को बेरोजगारी अच्छी लगती है। जब कुछ सौ निम्न-श्रेणी की रिक्तियों के लिए स्नातक और स्नातकोत्तर सहित हजारों आवेदक होते हैं, तो नियुक्ति करने वाले अधिकारियों को भारी शक्ति और विवेक प्राप्त होता है। दलाल फलते-फूलते हैं, पैसा हाथ बदलता है, घोटाले होते हैं।

अंग्रेजी नववर्ष की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। केन्द्र में बैठी सरकार की भारी भरकम परियोजनाओं, वैश्विक स्तर पर बढ़ती साख के बीच उसकी तमाम भारी भरकम उपलब्धियों पर देश में बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई पानी फेरती नजर आ रही है। पिछले कुछ समय से जमीनी स्तर पर भाजपा के प्रति नाराजगी तेजी से शुरू हुई है। इसका ताजा प्रमाण हम राज्यों के विधानसभा चुनाव और दिल्ली नगर निगम चुनाव में देख चूके है। कांग्रेस की भारत जोड़ों यात्रा में जिस तरह से जनता भागीदारी कर रही है उसे देखकर भी यह कहना गलत न होगा कि केन्द्र सरकार कही न कही महंगाई और बेरोजगारी के मामले में शिथिलतापूर्वक निर्णय ले रही है। यह अलग बॉत है कि सोशल मीडिया एवं मीडिया घरानों पर एक छत्र पकड़ के चलते पढ़ेलिखे और तकनीकी योग्यता प्राप्त डिग्रीधारी युवाओं को ठेका पट्टी पर दस से पन्द्रह हजार और गैर तकनीकि युवाओं को सात से आठ हजार की ठेकेवाली नौकरी देकर सरकार अगर इस बॉत का दावा करें कि बेरोजगारी कम हुई तो यह उसकी बड़ी भूल है। यही हाल महंगाई का है। चंद लोगों को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराकर आटा जैसे खाद्यान्न पर जीएसटी लगाकर केन्द्र सरकार ने महंगाई बम फोड़ने का जो काम किया है उससे जनता में सरकार के प्रति नकारात्मक भाव उभरा है। लेकिन इन सबका विरोध सामने इस लिए नही आ पा रहा है कि एक बड़ा नेटवर्क सरकार के आभा मण्डल चमकाए रखने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहा है। लेकिन जो वर्तमान परिदृश्य बन रहा है उसके आधार पर केन्द्र सरकार को 2023 में महंगाई और बेरोजागारी को दूर करने का संकल्प लेना होगा।

अगर हम देखे तो महंगाई को लेकर 2022 वैश्विक स्तर पर अमेरिका और दूसरे विकसित देशों में चार दशकों के शिखर पर पहुंची महंगाई दर को कम करने के लिए केंद्रीय बैंक ब्याज दरों में लगातार बढ़ोतरी कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष जैसी संस्थाओं का कहना है कि इससे अगले साल ये देश मंदी की गिरफ्त में फंस सकते हैं। भारत की भी आर्थिक विकास दर वित्त वर्ष 2024 में मौजूदा वित्त वर्ष से कम रहने का अनुमान लगाया गया है। ऐसे में यह सवाल अहम हो जाता है कि जब वैश्विक और घरेलू डिमांड में कमी आ रही है, तब ब्याज दरों में बढ़ोतरी रोकने से कोई फायदा होगा? वैसे तो अक्सर मौद्रिक सख्ती का असर देरी से दिखता है। यह भी याद रखना होगा कि भारत आयातित महंगाई का सामना कर रहा है, जिस पर आरबीआई का नियंत्रण नहीं है। कंस्यूमर नॉन-ड्यूरेबल सेग्मेंट की बिक्री में लगातार चार महीनों से गिरावट आ रही है, जो देश में कमजोर डिमांड का सबूत है। ब्याज दरों में बढ़ोतरी रोकने भर से इसमें रिकवरी नहीं होगी। हां, एक बार महंगाई के नियंत्रण में आने के बाद अगर रिजर्व बैंक कर्ज सस्ता करता है तो उससे कंस्यूमर सेटिंमेंट मजबूत होगा, डिमांड बढ़ेगी और उद्यमी निवेश भी बढ़ाएंगे। आरबीआई को तब तक कोई जल्दबाजी नहीं दिखानी चाहिए।

ऐसा माना जाता है कि बेरोजगारी और महंगाई से हर कोई आहत है और यह भी कि हर कोई बेरोजगारी और महंगाई को कम करने के लिए दृढ़संकल्प है। व्यापार को बेरोजगारी अच्छी लगती है। क्योंकि, नौकरियां कम हैं और उन्हें चाहने वालों की तादाद ज्यादा है, इसलिए बढ़ती बेरोजगारी में नौकरी देने वालों के लिए सौदेबाजी करना आसान रहता है। नतीजतन, मेहनताना कम देना पड़ता है। वेतन वृद्धि नगण्य होती है। चूंकि नौकरी-पेशा लोगों या यहां तक कि स्वरोजगार करने वालों की सौदेबाजी की शक्ति कमजोर है, इसलिए परिवार की औसत आय में मामूली वृद्धि होती है। कम आर्थिक वृद्धि या मंदी के दौर में औसत परिवार की स्थिति और खराब हो जाती है।सरकारी भर्ती निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को बेरोजगारी अच्छी लगती है। जब कुछ सौ निम्न-श्रेणी की रिक्तियों के लिए स्नातक और स्नातकोत्तर सहित हजारों आवेदक होते हैं, तो नियुक्ति करने वाले अधिकारियों को भारी शक्ति और विवेक प्राप्त होता है। दलाल फलते-फूलते हैं, पैसा हाथ बदलता है, घोटाले होते हैं। नौकरी चाहने वालों की संख्या चूंकि नौकरियों से अधिक है- निजी, सार्वजनिक और सरकारी क्षेत्रों में नौकरियों में अस्थायीकरण और अनौपचारीकरण बढ़ रहा है। श्रम कल्याण कानूनों को दरकिनार कर दिया गया है। मजदूर संगठन के आंदोलन काफी कमजोर पड़ गए हैं। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के नाम पर सरकार जिस तरह की विकास का प्रोपेगेंडा छोड़ती है वह सब के सब बेअसर रहे हैं। सरकार की नीतियां इस तरह की है कि लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है। सरकारी कंपनियों को बेच कर राजस्व भरपाई से जुड़ी जिस तरह की भी घोषणाए हो रही है, उनका रोजगार पैदा करने में कोई योगदान नहीं रहा है। अमीरी और गरीबी की खाई के बीच तमाम लोग ऐसे हैं जिन्हें इस समय रोजगार की सख्त जरूरत है। लेकिन भारत सरकार की आर्थिक नीतियां बेरोजगारों को रोजगार देने से कोसों दूर चल रहे हैं। कुल मिलाकर लबोलुआब इतना है कि सरकार को बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे पर कोरोना संक्रमण के दौरान किए गए प्रयासों की तरह दूरगामी परिणामों के आधार पर तैयार रणनीति के अनुसार काम करने का वक्त आ चुका है। अगर केन्द्र सरकार 2023 में बेरोगारी और महंगाई को काबू करने का संकल्प लेती है तो निश्चित तौर पर इसका लाभ उसे 2024 मे एक बार फिर मिलेगा। अगर केन्द्र सरकार यह मानती है कि चारों तरफ उसके तारीफ के पुल बांधे जा रहे है विपक्ष पूरी तरह से असहाय एवं असहज है तो यह उसकी बड़ी चूक होगी। कोरोना काल के बाद दूसरें कोराना संकमण की आहट से वैसे भी देश की 80 प्रतिशत जनसंख्या अपने भविष्य, रोजगार और महंगाई को लेकर भयभीत है।

संसद सत्र तय समय के पहले स्थगित

किशन भावनानी

साथियों बात अगर हम कोरोना की बढ़ती आहट जिसके कारण अनुमानतः तय समय से पहले संसद स्थगित करने की करें तो, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रीने कोविड-19 की रोकथाम की तैयारियों को लेकर राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक की। मीटिंग के बाद 23 दिसंबर को गाइडलाइन जारी की। इसमें केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने राज्यों को चिट्ठी लिखकर कहा कि आने वाले दिनों में त्योहार आ रहे हैं इसलिए खास ध्यान दें। साथ ही टेस्टिंग, ट्रीटमेंट और ट्रेसिंग पर जोर देने की भी सलाह दी है।राज्यों को यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा कि सभी लोग प्रिकॉशन डोज लें। भारत एक योजना बना रहा है, जिसके तहत जिन देशों में कोरोना के ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं। उन देशों से भारत आने वाले लोगों के पास कोविड की नेगेटिव रिपोर्ट अनिवार्य है।

वैश्विक स्तरपर भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र जिसकी दुनिया में मिसाल दी जाती है। भारतीय लोकतंत्र से प्रेरणा लेकर इसकी नीतियां अपने देशों में लागू करने की ओर अग्रसर अनेक देशों की इसकी अनुशंसा का अनुमान लगाया जा सकता है,जिसपर हर नागरिक को गर्व होने से इनकार नहीं किया जा सकता।चूंकि17 वीं लोकसभा का दसवां शीतकालीन सत्र 7-29 दिसंबर 2022 शेड्यूल था जिसमें कई विधेयकों को मंजूरी के लिए लिस्टेड किया गया था उसी तरह राज्यसभा का कामकाज भी निर्धारित किया गया था परंतु अनुमान है कि दुनिया में फ़िर कोविड मामलों में बेतहाशा वृद्धि, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा हाई लेवल मीटिंग, उसके बाद दिनांक 23 दिसंबर 2022 को राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ मीटिंग, माननीय पीएम द्वारा हालात की समीक्षा के लिए हाई लेवल मीटिंग के बीच आज समय से छह दिन पहले ही शुक्रवार को संसद के दोनों सदनोंको अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया। माना जा रहा है कि इस दसवें सत्र को कोविड महामारी की फ़िर तेजी से बढ़ती हुई आहट को देखते हुए स्थगित किया गया है, जो अब मिलाकर आठवां सत्र हो जाएगा जिसकी अवधि कम की गई है। मीडिया में आई जानकारी के अनुसार इस शीतकालीन सत्र में लोकसभा में 97 फीसदी और राज्यसभा में 102 फीसदी कामकाज हुआ, जिसमें लोकसभा में 13 बैठक हुई जिनमें 68 घंटे 42 मिनट का कामकाज हुआ उसी तरह राज्यसभा में भी 63 घंटे 20 मिनट का कामकाज हुआ। चूंकि संसद सत्र समय के पहले स्थगित हुआ इसलिए मीडिया में आई जानकारी के सहयोग से आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से इसके कारणों की चर्चा करेंगे, कोरोना -17 वीं लोकसभा का तय समय से पहले लगातार 8 वां सत्र स्थगित, नए साल 2023 के जश्न से पहले टेस्ट-ट्रेक-ट्रीट एंड वैक्सीनेशन पर ज़ोर।

साथियों बात अगर हम इस दसवें सत्र की करें तो करीब करीब इसमें भी अन्य सत्रों की तरह एक मुद्दे पर हंगामा दिखाई दिया जो तवांग मुद्दे पर चर्चा चाहते विपक्ष द्वारा बार-बार वकआउट किया गया। सत्र समाप्ति पर माननीय लोकसभा अध्यक्ष ने कहा, कि उनका प्रयास रहता है कि सदन की कार्यवाही के दौरान सभी दलों के सदस्यों को पर्याप्त मौका मिले और वे देश के समक्ष महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार रखें तथा सार्थक चर्चा करें। उन्होंने कहा कि सदन में चर्चा के दौरान देश की जनता की आशा और अपेक्षाएं तथा समाज में फैली बुराइयों सेनिपटने को लेकर सामूहिक प्रयास प्रतिबिंबित होनी चाहिए। उन्होंने कहा, मुद्दों पर सहमति और असहमति बहस में प्रतिबिंबित होनी चाहिए, व्यवधान में नहीं। निर्धारित समय से पहले सत्र स्थगित करने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, सदन को समय से पहले अनिश्चितकाल के लिये स्थगित करने का फैसला सभी राजनीतिक दलों की सहमति से हुआ है। इस सत्र की कार्य उत्पादकता लगभग 97 प्रतिशत रही तथा 13 बैठकों में 68 घंटे 42 मिनट कामकाज हुआ। सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद पीएम सहित अन्य दलों के नेताओं ने लोकसभा अध्यक्ष से उनके कक्ष में जाकर मुलाकात की।

साथियों बात अगर हम लोकसभा के इस शीतकालीन सत्र की करें तो इसमें विभिन्न कामकाज के साथ निम्न विधेयक अधिसूचित किए गए, 16 विधेयकों की सूची(1) व्यापार चिह्न (संशोधन) विधेयक, 2022 (2) वस्तुओं का भौगोलिक संकेत (पंजीकरण और संरक्षण) (संशोधन) विधेयक, 2022(3) बहु-राज्य सहकारी समितियां (संशोधन) विधेयक, 2022 (4) छावनी विधेयक, 2022 (5) पुराना अनुदान (विनियमन) विधेयक, 2022 (6) संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2022 (7) संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (तीसरा संशोधन) विधेयक, 2022 (8) संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (चौथा संशोधन) विधेयक, 2022 (9) संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (पांचवां संशोधन) विधेयक, 2022 (10) निरसन और संशोधन विधेयक, 2022 (11) राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग विधेयक, 2022 (12) नेशनल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी कमीशन बिल, 2022 (13) वन (संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2022(14) तटीय जलीय कृषि प्राधिकरण (संशोधन) विधेयक, 2022 (15) उत्तर पूर्व जल प्रबंधन प्राधिकरण विधेयक, 2022(16) कलाक्षेत्र फाउंडेशन (संशोधन) विधेयक, 2022।

कुछ बिल पहले ही पेश किए जा चुके हैं और उन्हें इस सत्र में चर्चा के लिए रखा ताकि उन्हें पास किया जा सके। इनमें हैं, समुद्री डकैती रोधी विधेयक, 2019, मध्यस्थता विधेयक, 2021, नई दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र (संशोधन) विधेयक, 2022, संविधान (अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति) आदेश (द्वितीय संशोधन) विधेयक,2022, जैविक विविधता (संशोधन) विधेयक, 2021, वन्य जीवन (संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2021 ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2022, अध्यक्ष महोदय ने बताया कि इस सत्र में महत्वपूर्ण वित्तीय और विधायी कार्यों का निपटान किया गया। साल 2022-23 के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगों का पहला बैच, साल 2019-20 के लिए अतिरिक्त अनुदानों की मांगों पर 10 घंटे 53 मिनट तक चर्चा की गई।

कविता

खेती-बारी हे हमर किसानी

अशोक पटेल

खेती-बारी हे हमर किसानी
हमर पूंजी हे हमर बियांरा
अन्नकुमारी के जहाँ बसेरा
लक्ष्मी दाई के इही हर कोरा।
गाय-गरु अउ बाहन-बइला,
इही पूंजी हमर लछ्मी आए
घर के कोठा, घर के कोठी
अंगना ल तुलसी सरग बनाए।
नरवा, गरुवा, अउ हमर घुरवा
गांव-गंवई के अउ गउठान
इही हमर जिनगी के आधार
इहीच म बसे है हमर परान।
हमर खेती-खारी हमर सेती
हमर मिहनत म चीज उपजे हे
पर भरोसा म तीन परोसा
अपन बल म धनहा सीरजे हे।
पसीना के पाछु म जिनगी हे
इही म ही जिनगी ह सँवरथे
ए पसीना हर पावन हावे
जेखर से सोना हर उपजथे।
माटी के सेवा धरती के सेवा
सदा दिन के इही चिन्हारी आए
इही धरम हमर इही करम हे
पुरखा के इही हर सँगवारी आए।
इही हमर हिरित-पिरित आए
एखरे से हमर पूछ-पुछारी हे
इही हमर कुल देवी-देवता
इही हर हमर अन्नकुमारी हे।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

हल्की सी खलिश

हल्की सी खलिश और यूं लगा हो चला अब प्रेम का अंत अंत वो भी प्रेम का विचारणीय संभव या असंभव जूझता सा मन इस अनसुलझे सवाल में सहसा तुम्हारा ख्याल आना और चेहरे पर मुस्कराहट आ जाना और सवाल का जवाब मिल जाना प्रेम का अंत असंभव युगों युगों तक अनंतकाल तक।

- मीता खुराना

माना कि मुहब्बत

माना कि मुहब्बत कर टूटे ओ बिखरे, पर अफ़्सुर्दा नहीं चूँकि इक मरे हुए प्यार से बढ़कर, जहां में कुछ मुर्दा नहीं सोचते वो होंगे उल्फत में उनकी, शायद जां ही दे देंगे हम होता मुमकिन ये भी, पर वो निकले काबिल इस दर्जा नहीं।

- नीलोफर नीरू

खास पाती

अपनों से दूरी कैसी

अपनों से दूरी कैसी मजबूरी आभासी व्यवहार। कितना प्यारा अपनापन था किये नजर अंदाज अपने सभी पराये बनकर बदल दिए आधार पंछी उड़ता सदा गगन में शाम को आये ठाँव। आत्मीय भावों का रेला बदल दिए हर दाँव शहरी करण की चकाचौंध मे भूल गए घर गाँव सागर कितना भी गहरा हो समय बताता है ज्वार और भाटा सागर को याद दिलाता है। समय चक्र की माँग यही है असामंजस्य मेला सूर्य चंद्र को राहु केतु ने कैसे आकर घेरा निर्मल गंगा की धारा थी कलकल बहती रहती मील फैक्ट्री केपानी ने दूषित किया प्रभाव। **- राजकिशोर मिश्र राज प्रतापगढ़ी**

जो हमारा है हमारा ही न था

जो हमारा है हमारा ही न था, मुझको तो उसका सहारा ही न था। हम तो मंझधार में ही फंसते रहे, भाग्य में मेरे किनारा ही न था। शहर में ज़ेब कटी तो दानी, भीख मांगी ,कोई चारा ही न था। प्यार उसने ही सिखाया तो वो फ़िर, और को चाहे, गवारा ही न था। आसमां नाप लिया हौसला से, आंधियों से कभी हारा ही न था। इश्क़ के जंगलों का दर्द ये था रात थी चांद था तारा ही न था।

- डॉ संजय दानी

मेरे जाने के बाद आता

मेरे जाने के बाद आता कौन है मेरे पूछने पर हो जाता मौन है कुछ तो चल ही रहा होगा घर में लेकिन आसानी से बताता कौन है. बात कुछ भी हो पर सामने तो आये जो भी होना है,बेशक अभी हो जाये रोज-रोज का ये लफ्ड़ा सही नहीं फ़िर भी आता कौन है, कोई तो बताये।

- जे डी कुदाल

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपींग की

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपींग की छोटी बहन... और मां को गम्भीर हालत में... बीजींग के अस्पताल में भर्ती किया... दोनों को निरन्तर हिचकी चलने के कारण किया गया भर्ती... डाक्टरों ने हाथ किये ऊपर... कहा पिछ्ले साल की तरह पूरी दुनिया... फिर से आपकी माँ बहनों को याद कर रही है... ऐसे में इनकी हिचकी रोकना हमारे बस के बाहर है। **- कुमार संतोष**

हर बार पुरस्कारों पर विवाद को

हर बार पुरस्कारों पर विवाद को देखते हुए पुरस्कारों का चुनाव का आधार, मापदंड और विचारों की पृष्ठभूमि को भी सार्वजनिक क्यों नहीं किया जाता। ऐसे तो कब गेहूं के साथ घुन पिस जाए कोई जान ही न पाएगा। क्या इस पर कोई गंभीर विचार नहीं किया जाना चाहिए और पुरस्कृत लेखक कवि विचारक को अपराधी की तरह देखा जाएगा। - **अनामिका चक्रवर्ती**

आंखों में फिर एक शरारत जागी

आंखों में फिर एक शरारत जागी है। उसके दिल मे इश्क की चाहत जागी है। जिक्र किया जब मैंने उसका गज़लों में। मन मे उसके मिलन की चाहत जागी है। **- डॉ.सविता वर्मा ग़ज़ल**

कभी दी उसके दर पर हाजिरी क्या

कभी दी उसके दर पर हाजिरी क्या कभी उसको सुनाई गुमरही क्या भुलाया आज जिसको बेकली में मिला उससे सहारा ना कभी क्या कभी रानाइयों में गमजदा जब नहीं उसने दिखाई रौशनी क्या जहां से एक दिन जाना सभी को हुआ तुझसे कभी कोई भला क्या रहे कायम अगर विश्वास खुद पर कभी रोकेगी रस्ता रहबरी क्या। **- दीपा गुप्ता**

QUIZ TIME

1) किस संगठन ने 50 विश्व धरोहर स्थलों पर 18600 हिमनदों का सर्वेक्षण जारी किया है?
2) केंदीय कोयला मंत्रालय ने कितनी कोयला खदानों की नीलामी की है, जो अब तक की सबसे बड़ी कोयला खदान की नीलामी है?
3) लेखापरीक्षा महानिदेशक की भूमिका सृजित करने वाला पहला राज्य कौन-सा है?
4) अदानी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने किस राज्य में स्टैच्यू ऑफयूनिटी से ऊँची, 200 मीटर पवन टरबाइन स्थापित की है?
5) किसने देश की सबसे बड़ी पुरुष प्रतियोगिता मिस्टर इंडिया 2022 का खिताब जीता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) यूनेस्को (2) 141 (3) तमिलनाडु (4) गुजरात (5) विनीत शर्मा

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1748-फ्रांस और आस्ट्रिया के बीच दक्षिणी हॉलैंड को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। 1899-स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद ऊधम सिंह का जन्म। 1904-दिल्ली से मुंबई के बीच देश की पहली क्रॉस कंट्री मोटरकार रैली का उद्घाटन। 1925-भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना। 1948-प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता तथा चिकित्सक प्रकाश आम्टे का जन्म। 1977-सोवियत संघ ने पूर्वी कजाख क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया। 1978-भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को जेल से रिहा किया गया। 1986-भारत की महिला क्रांतिकारियों में से एक बीना दास का निधन। 1997-उड़ीसा की प्रमुख पार्टी, बीजू जनता दल (बीजद) की स्थापना वरिष्ठ राजनेता बीजू पटनायक के पुत्र नवीन पटनायक ने की। 1999-भारत के नवें राष्ट्रपति शंकरदयाल शर्मा का निधन। 2002-संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिक्षद ने डेमोक्रेटिक रिपब्लिक आफ कांगो में पुनः संघर्ष शुरू होने की सूचना दी। 2003-रिक्टर पैमाने पर 6.6 की तीव्रता वाले भूकंप से ईरान के दक्षिणी पूर्वी शहर बाम में भारी तबाही। 2004-रिक्टर पैमाने पर 9.3 की तीव्रता वाले भूकंप से आई सुनामी के कारण श्रीलंका, इंडिया, इंडोनेशिया, थाईलैंड, मलेशिया, मालदीव और आस पास के क्षेत्रों में भारी तबाही। दो लाख तीस हजार लोगों की मौत। 2006-शेन वार्न ने अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेकर इतिहास रचा। 2007-तुर्क विमानों ने इराकी कुर्द ठिकानों पर हमले किये। 2008-कृतिका को हराकर तानिया संयुक्त शीर्ष पर पहुँची।

■ न्यूज गैलरी

चंदरगढ़ी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 31 को

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम चंदरगढ़ी में चंदरगढ़ी प्रीमियर लीग 2022 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 31 दिसंबर से किया जा रहा है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों की 32 क्रिकेट टीम भाग लेगी। प्रत्येक क्रिकेट मैच 8 ओवर का होगा। सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच 10 ओवर का खेला जायेगा। क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रवेश हेतु अंतिम तिथि 30 दिसंबर निर्धारित की गई है। क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 15001 रूपए एवं ट्राफी, द्वितीय पुरस्कार 7501 रूपए एवं ट्राफी एवं तृतीय पुरस्कार 3001 रूपए एवं ट्राफी दिया जायेगा। उक्ताशय की जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष देव यादव ने दी।

28 को बीजेपी नेताओं का जमावड़ा

मुंगेली/नवप्रदेश। मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में 28 दिसम्बर बुधवार को छत्तीसगढ़ के विकास को नई गति देने वाले भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं सांसद अरुण साव, सांसद गुहाराम अजगले, प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, पूर्व मंत्री एवं विधायक पुन्नूलाल मोहले आ रहे हैं। उनके आगमन की तैयारी को लेकर मुंगेली विधानसभा क्षेत्र के 4 मण्डलों के भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों जिला पंचायत सदस्यों, जनपद सदस्यों, सरपंचों व पार्षदों सहित शक्ति केन्द्र संयोजक व सहसंयोजक व प्रभारियो को जिम्मेदारी दी गई है। जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेश पाठक ने बताया कि भाजपा संगठन के द्वारा लोकसभा प्रवास कार्यक्रम एवं भ्रष्ट कांग्रेस हटाओ छत्तीसगढ़ बचाओ अभियान के तहत बुधवार 28 दिसंबर को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह व नेताओं द्वारा मुंगेली विधानसभा के ग्राम कोदवाबानी में आमसभा को संबोधित कर प्रदेश में झूठे वादे कर सत्ता में आयी कांग्रेस के भूपेश बघेल सरकार की कथनी और करनी में अंतर को जनता के समक्ष बताएंगे। इस आमसभा की तैयारी के लिए मुंगेली ग्रामीण मण्डल की अगुवाई में मुंगेली नगर मण्डल, सेतगंगा मण्डल, जरहागांव मण्डल के जिला एवं मण्डल पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों को विभिन्न जिम्मेदारी सौंपी गई है। आमसभा में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष शैलेश पाठक ने बताया कि डॉ. रमन सिंह पूरी टीम के साथ 27 को लोरमी विधानसभा, 28 को मुंगेली विधानसभा तथा 29 दिसंबर को पथरिया बिल्हा विधानसभा क्षेत्र में आमसभा को संबोधित करेंगे।

जनसंघर्ष समिति ने एयरपोर्ट परिसर में लालटेन के साथ किया प्रदर्शन

बिलासपुर/नवप्रदेश। हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति के द्वारा बिलासा बाई केंवट एयरपोर्ट के द्वार पर एक अनूठा प्रदर्शन किया। इसके लिए सड़क के दोनों ओर लालटेन आदि जलाकर रोशनी की गई और यह अहसास कराया गया जैसे की एयरपोर्ट रनवे में दोनों तरफ लाइटें जल रही हैं, जिससे कि रात्रि में भी हवाई सुविधा जारी रहे। गौरतलब है कि बिलासपुर एयरपोर्ट उसी वीएफआर श्रेणी का एयरपोर्ट होने के कारण यहां अंधेरा होने पर विमानों की आवाजाही संभव नहीं है और इसे उसी आइएफआर श्रेणी में बदलने का कार्य किया जाना है। समिति ने शनिवार को लालटेन प्रदर्शन का औचित्य समझाते हुए बताया कि सितंबर में ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा नाइट लैंडिंग कार्य के लिए आवश्यक धन राशि मंजूर कर दिए जाने के बाद भी अब तक टेंडर प्रक्रिया अंतिम रूप नहीं ले पाई है और इससे संबंधित काम प्रारंभ नहीं हुआ है। यह स्थिति किसी भी तरीके से स्वीकार नहीं है क्योंकि जून के बाद बारिश आ जाएगी और फिर काम पिछड़ जाएगा। समिति ने आज के प्रदर्शन के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया है कि राज्य सरकार यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराए। समिति ने इसके साथ-साथ दिन के समय बिलासपुर एयरपोर्ट से उड़ानों की संख्या न बढ़ाने और बिलासपुर से देश के चारों दिशाओं में स्थिति महानगरों जैसे की कोलकाता, मुंबई, हैदराबाद और दिल्ली के लिए सीधी उड़ान की मांग पर केंद्र सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाया है। गौरतलब है कि वर्तमान में दिन के समय सुबह 8.00 से 5.00 बजे तक कम से कम चार से पांच उड़ानें और संचालित की जा सकती है परन्तु इस दिशा में केंद्र सरकार पूरी तरह उदासीन बनी हुई है।

बेचू राम साहू का निधन

मुंगेली/नवप्रदेश। पथरिया के प्रतिष्ठित नागरिक बेचू राम साहू सेवानिवृत्त एएसआई का 24 दिसंबर को स्वर्गवास हो गया। वे कृष्ण कुमार साहू, विष्णु प्रसाद साहू एवं जानकी साहू के पिता तथा डॉ. रामकुमार साहू के ससुर थे। उनका अंतिम संस्कार पथरिया के स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

सिंचाई परियोजनाएं समय पर पूर्ण होने पर ही पूरा होगा दोगुना सिंचाई क्षमता का लक्ष्य : अन्बलगन

■ जल संसाधन सचिव ने बैठक लेकर कामों में तेजी लाने दिए सख्त निर्देश

■ अरपा नदी पर निर्माणाधीन बैराज का किया स्थल निरीक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। जलसंसाधन विभाग के सचिव श्री अन्बलगन पी ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अफसरों की बैठक लेकर लंबित सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सिंचाई क्षमता को दोगुना करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता का काम है। यह तभी संभव होगा जब तेजी से काम हो। सचिव ने कामों की वर्तमान धीमी प्रगति पर असंतोष जताते हुए तेज़ी से परियोजनाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अरपा नदी पर निर्माणाधीन शिवघाट एवं पचरीघाट बैराज का निरीक्षण कर जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश संबंधित ठेकेदार को दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की सीईओ एवं प्रभारी कलेक्टर श्रीमती जयश्री जैन, ईएनसी आई. उईके, एडीएम आर ए कुरुवांशी, सीई एके सोमावार सहित संभाग के सभी एसई व ईई उपस्थित थे।

सचिव अन्बलगन ने अफसरों से पूछा कि सिंचाई परियोजनाएं समय पर पूर्ण क्यों नहीं हो रही हैं। अनुबंध समय से लगभग दोगुना समय क्यों लग रहा है। उन्होंने भूमि संबंधी विवादों का प्राथमिकता से निराकरण करने कहा है। इससे जुड़े राजस्व, वन सहित अन्य विभागों से सतत तालमेल बनाकर काम करें। सिंचाई जलाशयों के जल आबंटन भी समय पर नहीं हो पाने पर नाराजगी जताई। अमृत मिशन, जल जीवन मिशन और औद्योगिक उद्देश्यों के लिए जल आवंटित करने के प्रावधान हैं। समय पर अनुमति नहीं मिलने पर उनकी परियोजना भी प्रभावित होती है। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन मिलने पर एक सप्ताह से ज्यादा समय अनुमति प्रदान करने में नहीं लगने चाहिए। सचिव ने कहा कि खासकर बिलासपुर संभाग में भूमि अधिग्रहण पर पारदर्शिता और सजगतापूर्वक काम करें। यह न सोचें कि तबादला हो जाने पर गलती मुआफ हो जायेगी। उन्होंने सिंचाई राजस्व वसूली भी तेज करने के निर्देश दिए। राज्य स्तर पर 1100 करोड़ के वार्षिक लक्ष्य के विरुद्ध अब तक केवल 450 करोड़ ही हो पाया है। उन्होंने अगली बैठक में डिवीजन वार समीक्षा करने को कहा है। उन्होंने कोर्ट में लंबित प्रकरणों के निराकरण के बारे में भी मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बैठक में सिंचाई परियोजनाओं में काम कर रहे ठेकेदारों की भी समस्याएं सुनी और समाधान का भरोसा दिया।

वैक्सीन वैन रायपुर आरटीओ के कब्जे में, टीके की कमी

बिलासपुर/नवप्रदेश। बच्चों का टीका और कोरोना वैक्सीन लेने के लिए रायपुर गई जिले की वैक्सीन वैन को रायपुर आरटीओ ने जब्त कर लिया है। वैन बिना कागजात के ही दौड़ रही थी। जहां आरटीओ ने कागजात की मांग की है। इधर कागजात नहीं होने की वजह से वैन रायपुर में ही खड़ी हो गई है। ऐसे में बीते तीन दिन से बिलासपुर वैक्सीन नहीं पहुंच पा रही है।

तीन दिन पहले स्वास्थ्य विभाग ने जिले की वैक्सीन वैन को रायपुर स्थित स्टेट कोल्ड चैन सेंटर भेजा था। जहां से वैन को बच्चों के टीकें के साथ कोरोना वैक्सीन लाना था। लेकिन, इसी दौरान स्टेट कोल्ड चैन सेंटर रायपुर में आरटीओ की टीम ने दबिश दी। जहां गाड़ियों की कागजात की जांच की गई। जिसमें बिलासपुर के वैक्सीन वैन का कोई भी कागजात नहीं मिला।

जानकारी लेने पर यह बात सामने आई कि यह वैन बिना रजिस्ट्रेशन के ही सालों से चल रही है। ऐसे में आरटीओ ने गाड़ी को जब्त कर लिया और बिलासपुर स्वास्थ्य विभाग को साफ किया कि संबंधित कागजात पेश करने के बाद ही गाड़ी को छोड़ा जाएगा। वहीं अब बिलासपुर की एकमात्र वैक्सीन वैन सरकारी नियम कानून में फंस गई है। इसकी वजह से बिलासपुर वैक्सीन नहीं पहुंच पा रही है। इसकी वजह से बच्चों को टीकाकरण प्रभावित होने की संभावना है और इसी वजह से कोरोना टीका भी बिलासपुर नहीं पहुंच पा रहा है। वैक्सीन वैन जब्त होने के बाद उसे छुड़वाने के लिए अधिकारी भी कोई पहल नहीं कर रहे हैं। वैन के जब्त होने के बाद अधिकारियों ने तत्काल कागजात खोजने के निर्देश दिए।

सुरक्षा व अतिरिक्त सुविधाओं के बीच बिलासपुर जू की सैर करेंगे पर्यटक

बिलासपुर/नवप्रदेश। नए साल के पहले दिन एक जनवरी को लेकर कानन पेंडारी जू प्रबंधन तैयारी पूरी कर ली है। जू परिसर की सफाई के साथ रंग-रोगन किया गया है। सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा गया है। अतिरिक्त वनकर्मियों के साथ एनडीआरएफ व पुलिस की व्यवस्था भी रहेगी, ताकि किसी तरह विवाद या घटनाएं न हो। साथ ही यह भी निर्धारित किया है कि पर्यटक जू में कैसे प्रवेश करेंगे और उनके बाहर निकलने की व्यवस्था किस तरह रहेगी। अधिक भीड़ होने पर भारी अव्यवस्था होती है।

नए साल के पहले दिन कानन पेंडारी जू बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। साल दर साल आंकड़ों पर गौर करें तो एक साल ऐसा भी हुआ है, जब संख्या 23 हजार पार कर गई। जू प्रबंधन इस बार मानकर चल रहा है कि पर्यटक परिवार के साथ नए साल का जश्न मनाने के लिए बड़ी संख्या में कानन पेंडारी पहुंचेंगे। भीड़ के कारण अव्यस्था न हो जाए, इसलिए प्रबंधन ने इस दिन के लिए अभी से रूपरेखा तैयार कर ली है। साथ ही रंग- रोगन के साथ सफाई भी की गई है। यह तैयारी हर साल प्रबंधन करता है। इस बार खास तौर पर जू को सजाया गया। जिन-जिन जगहों पर स्लोगन मिट गए थे, उन्हें दोबारा लिखाया गया है।

इसके अलावा झूले से लेकर अन्य सुविधाओं में बेरंग थे, उन्हें रंग-पोताई कर आकर्षक स्वरूप दिया गया है। वैसे तो काम लगभग पूरा हो गया। छुटपुट काम बचे हैं, जिसे एक-दो दिन में पूरा कर लिया जाएगा। इस बार भी पर्यटकों के लिए प्रवेश की सुविधा द्वार क्रमांक एक व दो दोनों से होगी। भीड़ अधिक होने पर विवाद की आशंका ज्यादा रहती है, इसलिए पुलिस की मदद मांगी गई। इसके साथ मेडिकल टीम भी मौजूद रहेगी। वहीं, पुलिस सहायता केंद्र भी रहेगा, जहां पर्यटक शिकायत दर्ज कर सकते हैं। दमकल भी मौजूद रहेगी। प्रवेश की व्यवस्था दोनों द्वार से रहेगी, लेकिन बाहर पर्यटक केवल द्वार क्रमांक दो ही कर सकेंगे। इससे मुख्य द्वार में पर्यटकों को परेशानी नहीं होगी। इस बार जू प्रबंधन ने टिकट काउंटर की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया है। इसके तहत सात काउंटर से प्रवेश टिकट की व्यवस्था की गई है। इसमें मुख्य द्वार पर दो काउंटर के अलावा कोटा मोडा, अरण्यिका के सामने, मुख्य द्वार के अंदर पार्किंग में, पेंडारी गांव से पहले एवं द्वारा क्रमांक दो के सामने अस्थाई काउंटर रहेंगे।

कोरोना की आशंका-जीनोम सिक्वेंसिंग टेस्ट सेंटर खोलने हाईकोर्ट में जनहित याचिका

बिलासपुर/नवप्रदेश। चीन में कोरोना के तेजी से बढ़ते मामले के बीच देश में भी संक्रमण की आशंका बढ़ रही है। इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। दायर याचिका में राज्य में जीनोम सिक्वेंसिंग टेस्ट सेंटर खोलने की मांग की है। याचिकाकर्ता ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर इस ओर ध्यान न देने का आरोप भी लगाया है। जनहित याचिका पर अगली सुनवाई के लिए हाई कोर्ट ने 25 जनवरी की तिथि तय कर दी है।

याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में कहा कि पहली और दूसरी लहर के दौरान कोरोना संक्रमण ने देश में भारी तबाही मचाई थी। छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों में भी इसका व्यापक असर देखने को मिला था। तबाही का आलम ये कि तब श्मशान घाट में लाश जलाने के लिए स्वजन को घंटों इंतजार करना पड़ता था। आक्सीजन सिलिंडर के बिना लोगों ने तड़प-तड़प कर जान दे दी थी। जिस तरह चीन में कोरोना का संक्रमण तेजी के साथ दिन प्रतिदिन फैल रहा है इससे यहां भी डर बना हुआ है।

जैसे ही वायरस अपना रूप बदलेगा वैक्सीन और वर्तमान में जो उपाय है कितना बचाव कर पाएंगे या बचाव में सक्षम होंगे यह बाद में पता चलेगा। कोरोना वायरस के नए वैरिएंट और बदलते स्वरूप और वर्तमान में उपलब्ध वैक्सीन और दवाई पर उसका कितना और क्या असर पड़ेगा इसकी पड़ताल के लिए कोरोना वायरस का जीनोम टेस्ट कराना जरूरी है। इस टेस्ट के जरिए बदलते वैरिएंट का समय में पता चल जाएगा। जिससे प्रभावी उपाय किया जा सकता है।

याचिकाकर्ता ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सहित देश के अन्य पिछड़े राज्य को छोड़ दें तो बड़े राज्यों में जीनोम सिक्वेंसिंग टेस्ट सेंटर संचालित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के उत्तर के 15 जिलों के लिए बिलासपुर और दक्षिण के रायपुर में सेंटर खोलने की मांग की है। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में कहा है कि प्रदेश के दो करोड़ 70 लोगों की जानमाल की सुरक्षा के लिए वर्तमान में जिस तरह की परिस्थिति बन रही है उसके लिए सेंटर खोला जाना आवश्यक है। यह समय की मांग भी है।

क्रिसमस को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

■ हुड़दंग करने वाले, शराबियों, तेज वाहन चलाने वालों पर रहेगी पुलिस की नजर शांति व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस पेट्रोलिंग और गस्त करेगी

मुंगेली/नवप्रदेश। पुलिस विभाग द्वारा क्रिसमस पर्व और नए वर्ष को लेकर शांति समिति की बैठक कंट्रोल रूम में सम्पन्न हुई। जहाँ पुलिस विभाग और नागरिकों के बीच क्रिसमस त्योहार और न्यू ईयर मनाने को लेकर विभिन्न मुद्दों में चर्चा हुई। क्रिश्चियन समाज के लोगों ने अपने क्रिसमस त्योहार की रूपरेखा विस्तार से बताया, जिस पर पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा क्रिसमस त्योहार में पर्याप्त सुरक्षा के इंतजाम करने और पैट्रोलिंग करने के निर्देश अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पाण्डेय ने देते हुए नव वर्ष तक के लिए व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त रखकर शांति पूर्वक बनाये रखने का भरोसा दिलाया हैं। नव वर्ष को लेकर भी नागरिकों एवं पत्रकारों ने भी कई सुझाब पुलिस विभाग को दिए, जिस पर शांति समिति बैठक का नेतृत्व कर रही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पाण्डेय द्वारा कहा गया कि क्रिसमस और न्यू ईयर पर पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं, चैक-चैराहों और संवेदनशील क्षेत्र में पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी, साथ लगातार पैट्रोलिंग भी की जाएगी, बाईक में तीन सवारी चलने वालों, तेज वाहन चलाने वार्ता और हुड़दंग करने वाले शराबियों के खिलाफकड़ी कार्यवाही की जाएगी, अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ भी पुलिस मुस्तैद हैं। शांति समिति के बैठक के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय ने लोगों से अपील किया कि आने वाले क्रिसमस त्योहार और नववर्ष में को शांतिपूर्ण तरीके से मनाए और शांतिपूर्वक व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस को योगदान दें। दूरदर्शिता और कुशलता का परिचय दे। शांति समिति की इस बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पाण्डेय, तहसीलदार, टीआई सुशील सिंह गहरवार, निरीक्षक प्रमोद इड़सेना सहित बड़ी संख्या में नागरिक व पत्रकार उपस्थित थे।

कार ने स्कूटी को मारी ठोकर, महिला घायल

मुंगेली/नवप्रदेश। तेज रफ्तार कार ने स्कूटी में सवार अस्पताल जा रही नर्स को अपनी चपेट में लिया। कार की ठोकर से नर्स के सिर एवं पैर में चोट आई। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल में ईलाज हेतु ले गये। सिटी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत जुर्म दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही है। मिशन कम्पाउण्ड तिलक वार्ड निवासी शिनाय मसीह सुखनंदन अस्पताल में स्टार्फ नर्स प्राईवेट नौकरी करती है। 22 दिसंबर को अपने घर से खाना खाकर अपने स्कूटी क्रमांक सीजी 10 ईपी 1684 से सुखनंदन अस्पताल ड्यूटी पर जा रही थी। आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल दाऊपारा के पास पहुंची थी कि पीछे से अज्ञात कार के चालक द्वारा अपनी कार को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये उसे ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया। जिससे महिला के दांत, घुटना, बांये पैर का पंजा में चोट लगा। घटना के बाद उसका परिचित अभिषेक दास जो उसे सुखनंदन अस्पताल ले गया। जहां प्राथमिक ईलाज किया गया। महिला की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली पुलिस ने धारा 279, 337 के तहत जुर्म दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही है।

ट्रेन से खाना लेने वाले सावधान, यात्रियों ने की खुले व बासी भोजन की शिकायत

बिलासपुर/नवप्रदेश। ऋषिकेश नगरी - पुरी उत्कल एक्सप्रेस की पेंट्रीकार का भोजन खाकर यात्री बीमार हो सकते हैं। पेंट्रीकार के अंदर गंदगी पसरी थी। इसके अलावा जिस बर्तन में खाना व अन्य सामान रखे थे, वह खुले थे। कर्मचारियों ने इतनी भी आवश्यकता नहीं समझी इसे ढककर रखना चाहिए। ऐसा कोई नहीं, जहां यात्रियों ने पूरा भोजन किया हो। प्लेट समेत यात्री छोड़ दिए थे। कुछ यात्रियों ने बासी भोजन होने की शिकायत भी की। इतनी अव्यवस्था होने के बाद भी पेंट्रीकार की जांच नहीं होती।

सबसे लंबी दूरी की ट्रेनों में उत्कल एक्सप्रेस का भी नाम शामिल है। इस ट्रेन की मॉनीटरिंग ईस्ट कोस्ट रेलवे से होती है। पेंट्रीकार, बेडरोड समेत अन्य सुविधाओं को वहीं व्यवस्थित करनी है। लेकिन ट्रेन की हालत देखकर कहीं से नहीं लगता कि इस ट्रेन को लेकर रेलवे गंभीर है। रोज की तरह शनिवार को भी ट्रेन विलंब से पहुंची। पेंट्रीकार का बाहरी हिस्से इतना गंदा दिख रहा था, तो कोई भी आसानी से अंदाजा लगा सकता है कि कोच के बाहरी हिस्से में सफाई महीनों से नहीं हुई।

मसीह समाज द्वारा क्रिसमस पर्व उत्साह के साथ मनाया

■ 27 नवम्बर से 01 जनवरी तक विविध कार्यक्रम का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर स्थित डिसाईपल्स चर्च ऑफ क्राईष्ट सी.एन. आई. चर्च द्वारा क्रिसमस का पर्व उत्साह से मनाया जायेगा। इसके लिए वर्ष 2022- 23 के लिए आराधना के विविध कार्यक्रम तैयार किये गये है, जो 27 नवम्बर से जारी है और यह कार्यक्रम 01 जनवरी 2023 को खेल-कूद व इनाम वितरण के साथ सम्पन्न होगा।

क्रिसमस पर्व के अवसर पर आराधना प्रातः 9.30 बजे चर्च में हुई। चर्च में आराधना सी.एन. आई. चर्च कमेटी एवं चर्च के पास्टर द्वारा की गयी। तत्पश्चात् संदेश के पश्चात दोपहर 1 बजे चर्च केम्पस में प्रीति भोज हुआ जिसमें मसीह समाज के लोग शामिल रहे। क्रिसमस आराधना के पश्चात मिशन कंपाउंड में दोपहर 02 बजे से जवानों एवं बच्चों के लिये विभिन्न खेल कूद का आयोजन किया गया। क्रिसमस की आराधना विशेषकर प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन से सम्बंधित है। गिरजा घर में आकर्षक लाईटिंग कर चर्च को सजाया गया है। नगर के ईसाई युवा समाज द्वारा पूरे दिसम्बर माह तक के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है तथा 21 दिसम्बर को क्रिसमस की बधाइयां देने के लिये नगर में भव्य झांकी का आयोजन किया गया। पूरे दिसम्बर माह में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये इन लोगो ने कमेटियों के साथ काम किये है युवा सभा से अक्षय बर्मन, नमन, सामुएल सेमशन पीटर, हरीश लाल, आकाश दान, शशांक डेविड,मोरिस सिंग, अजय राही, नीरज टाइटस, सेंसुएल लाल, राहुल मसीह,अभय बर्मन, वीरेंद्र जगत, उदित सहाय, अर्पित सहाय, सौरभ मसीह, श्रेयांश मसीह, आलोक दान शौर्य लालजी, आशीष दास, अविनाश राम, लार्सन विशाल, उपकार सामुएल, एवं पास्ट्रेट कमेटी से रेव्ह.रविन्द्र मसीह, संदीप लाल, अरविंद दान, अनिल लाल, वीनू चैधरी, शैलेंद्र टाइटस, पवन फ्लेंडर, नीरज टाइटस ,अजय राही,शशांक डेविड, आशिमा बर्मन, संगीता लाल, वत्सला टाइटस, समा दान,सविता लालजी, सरिता डेविड ,लीना जॉन का मुख्य योगदान है।

बिजली विभाग में गबन करने वाले पुलिस गिरफ्त में

मुंगेली/नवप्रदेश। बिजली विभाग में लाईनमैन के पद पर पदस्थ रहते हुए अपने कार्यकाल के दौरान कुल 15 लाख 45 हजार रुपए का गबन करने वाले आरोपी को 24 घंटे के अंदर पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 409 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। प्रार्थी खगेश कुमार नेताम विद्युत विभाग गोड़खाम्ही ने थाना लोरमी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि विद्युत विभाग के लाईनमैन के पद पर पदस्थ विजय कुमार मारकण्डेय ने विद्युत विभाग की शासकीय राशि 13 लाख 93 हजार 941 रुपए तथा उपभोक्ताओं द्वारा जमा की गई राशि 1 लाख 51 हजार 100 रूपए को विद्युत विभाग में जमा न कर गबन कर लिया गया है। इस प्रकार आरोपी विजय कुमार मारकण्डेय द्वारा कुल 15 लाख 45 हजार 41 रूपए का गबन करने की रिपोर्ट पर थाना लोरमी में आरोपी के विरूद्ध धारा 409 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में लोरमी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के भीतर आरोपी विजय कुमार मारकण्डेय को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव पाण्डेय, उपनिरीक्षक बीआर साहू, सहायक उप निरीक्षक आजुराम गोंड, प्रधान आरक्षक जगदीश कोशले, नरेश कुमार यादव की भूमिका रही।

भारत रत्न पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की भाजपा ने मनाई जयंती

रामानुजगंज/नवप्रदेश। पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व अटल बिहारी बाजपेयी के जयंती के अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के संभाग प्रभारी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल के नेतृत्व में नगर में अटल चौक में स्थापित अष्टधातु से निर्मित अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर उनके पुनीत कार्यों को याद किया गया एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात भी उपस्थित जन समुदाय के द्वारा सुना गया तथा सुशासन दिवस कार्यक्रम के तहत जन जन तक शासन की योजनाओं को पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली मितानिन बहनो को वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के विशेष आमंत्रित सदस्य आर के पटेल, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष कन्हैया लाल अग्रवाल, भाजपा नेता सुभाष केसरी, विमलेश सिन्हा जिला पंचायत के सभापति राजेश यादव सहित महिला मोर्चा के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि आर के पटेल ने कहा कि भारत रत्न से सुशोभित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी लोकतांत्रिक एवं मानवतावादी मूल्यों की प्रतिमूर्ति थे उनके आदर्शों से सिंचित एक पूरी पीढ़ी है जिसमें उन्हीं की तरह राष्ट्र प्रथम का जज्बा है। मां भारती के लाल अटल जी विराट व्यक्तित्व के धनी थे उनके व्यक्तित्व में अनगिनत आयाम थे। नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि अटल जी ऐसे प्रखर वक्ता थे जिनके जीवहा पर साक्षात सरस्वती विराजति थी। अटल जी के द्वारा अपने प्रधानमंत्री काल में उठाए गए आर्थिक सुधारों के माध्यम से भारतीय अर्थव्यवस्था को एक नई गति मिली। आज भारत में टेक्नोलॉजी का जो युग है उसकी आधारशिला भी उन्होंने रखी थी नदियों को जोड़ने का उनका दूरगामी सोच अब जमीन पर प्रदर्शित होने लगा है। समारोह को भाजपा जिला कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल अग्रवाल, जिला पंचायत के सभापति राजेश यादव ,सुभाष केशरी एवं विमलेश सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा कि अटल जी सही मायने में भविष्य दृष्टा थे भारत के प्रधानमंत्री रहते हुए उनके द्वारा उठाए गए प्रत्येक कदम में भविष्य के भारत की नीव का पत्थर छिपा था उनके निर्णय में दूरगामी सोच स्पष्ट रूप से परिलिच्छित होता था इसके प्रबल उदाहरणों में से एक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना है आज देश के साढ़े छः लाख से अधिक गांव में से अधिकांश विकास की जिस मुख्यधारा से जुड़े रहे हैं उसका रास्ता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से ही जाता है नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने विगत 8 वर्षों में इस दिशा में क्रांतिकारी कार्य करके गांव को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान की है।

मन की बात कार्यक्रम में ये हुए शामिल

भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर आज महीने के अंतिम रविवार होने की वजह से जयन्ती समारोह के पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन भी अटल चौक पर किया गया जिसे नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल सहित भाजपा नेता आर के पटेल, कन्हैया लाल अग्रवाल, विमलेश सिन्हा, सुभाष केशरी, राजेश यादव, पार्षद मुकेश जैसवाल, प्रमोद कश्यप, विजय रावत, प्रमोद केशरी, बॉलकेश प्रजापति, मोहन गुप्ता, रामेश्वर गुप्ता,बिगू दास, राधे कुशवाहा, पारस ठाकुर, अनिल पासवान, रामध्यान गुप्ता, अंकित गुप्ता, पवन गुप्ता, सुमित गुप्ता, रवि रंजन पाल, विनोद राहगीर,उमेश पूरी,रामाशीष मेहता, छट्ठू कश्यप, आशीष गुप्ता, निशांत गुप्ता, उदय नाथ पूरी, प्रहलाद ठाकुर, सुमिला कुशवाहा, ललिता कश्यप, सरस्वती ठाकुर, किरण पासवान सहित बड़ी संख्या में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता एवं नगरवासियों ने मन की बात कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक सुना।

अटल की प्रदेश की पहली प्रतिमा स्थापित है नगर में

नगर के वार्ड क्रमांक एक में स्थित अटल चौक में स्थापित अटल बिहारी वाजपेयी की अष्टधातु से निर्मित छत्तीसगढ़ की पहली प्रतिमा है जो तत्कालिक नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल के पहल पर स्थापित की गई थी।

मितानिनों किया गया सम्मानित

सुशासन दिवस कार्यक्रम के तहत जन जन तक शासन की योजनाओं को पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली मितानिन बहनो शुशीला पूरी, चंदा, पुष्पा, मंजू, सविता गुप्ता, गीता, रूपकला, सोना, रेणु, सिलवंती, पुनम, सुमिला कुशवाहा, आशा गुप्ता, सविता पूरी एवं शुशीला विश्वास को वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी के जन्मोत्सव को लेकर चलाया सफाई अभियानत

कांकेर/नवप्रदेश । भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल ने मुख्य स्थानों में विशेषकर अटल चौक तथा पार्टी कार्यालयों में स्वर्गीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेइ का जन्मदिवस को सादगी पूर्ण समारोह में मनाया गया। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक कार्यक्रम मन की बात को उपस्थित नागरिकों तथा ग्रामीणों को सुनाया गया। आज सुबह से ही भाजपा सदस्यों ने जितने भी अटल चौक शहर तथा आसपास में हैं।,सब जगह स्वच्छता अभियान चलाया गया। अटल के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाने की परंपरा है ।इस पर अनेक नेताओं के वक्तव्य भी हुए, जिनमें बृजेश चौहान, दिलीप जायसवाल, जिला महामंत्री, देवेंद्र सिंह जिला संयोजक, देवेंद्र साहू सह संयोजक, अजय पप्पू मोटवानी शहर मंडल कोषाध्यक्ष भाजपा तथा स्वच्छता अभियान अधिकारी आदि के नाम प्रमुख हैं। विशेष कार्यक्रम संलग्न ग्राम कोकोडी में किया गया । जहां दो बुजुर्गों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सज्जनों में राकेश जुर्री सरपंच, नरेंद्र कुमार दुग्गे कार्यक्रम अधिकारी, बल्लू राम विश्वकर्मा रमापति मन्ना राम दल नायिका तरुणा मंडावी गोपी नेताम, मोनिका नीहारिका दृष्टि जैन दीक्षा जैनसोनिका,मनीषा,अनामिका टोमेशरी संध्या जैन सामाजिक कार्यकर्ताओं में सर्व अजय पप्पू मोटवानी बल्लू राम यादव धर्मेंद्र देव, जितेंद्र प्रताप देव, राजेश चौहान, करण नेताम दिनेश मोटवानी शैलेंद्र देहारी प्रवीण गुप्ता संजू मोटवानी, भूपेंद्र यादव सदानंद साहू, संत कुमार रजक के नाम उल्लेखनीय हैं।

मोर मितान कांकेर पुलिस का जन जागरूकता अभियान

कांकेर/नवप्रदेश पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा सर जिला कांकेर के निर्देशन एवम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर एवम अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर अनुराग झा के पर्यवेक्षण मे मोर मितान कांकेर पुलिस अभियान के तहत चलाए जा रहे जन जागरूकता कार्यक्रम को शासकीय इन्दूरू केवट कन्या महाविधायल में आयोजित किया गया ।शासकीय इन्दूरू केंवट कन्या महाविधायल कांकेर के एनएसएस कैंप में साइबर सेल कांकेर प्रभारी उपनिरीक्षक सत्येंद्र सिंह द्वारा विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसों में हो रहे साइबर अपराध विशेषकर साइबर फ्रॉड के बारे में एवं सोशल नेटवर्किंग साइट जैसे फेसबुक इंस्टाग्राम व्हाट्सएप एवं ट्विटर आदि के उपयोग मैं बरती जाने वाली सावधानी के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया तथा साइबर सेल के उपनिरीक्षक महेश प्रधान के द्वारा नशा मुक्ति, पास्को एक्ट टोनही प्रताड़ना बाल विवाह गुड टच बैड टच अभिव्यक्ति ऐप आदि के बारे में जानकारी देकर उपस्थित छात्राओं को जागरुक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं एवम शिविरार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी लेते हुए जिज्ञासा वश विभिन्न सवाल किए जिसमें उपस्थित अधिकारीगण द्वारा विस्तार पूर्वक जानकारी देकर बच्चों के जिज्ञासा को शांत किया गया।कार्यक्रम में एनएसएस शिविर कार्यक्रम प्रभारी अधिकारी प्रोफ़ेसर आरती मरकाम, प्रिंसिपल बी समुंद्र एवं स्टाफमौजूद रहे कार्यक्रम केअंत में पुलिस विभाग द्वारा आयोजित सर्वजन रुकता कार्यक्रम के लिए प्रोफेसर दीपिका श्रीवास्तव ने पुलिस विभाग का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा किया।

हनोदा के युवा कर रहे अश्वमेद यज्ञ का प्रचार

दुर्ग/नवप्रदेश। मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण के मूल उद्देश्य को लेकर कार्य कर रही अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में भिलाई के सेक्टर सेवन में होने वाले 151कुंडिया विराट आश्वमेद यज्ञ के प्रचार के लिए गायत्री परिवार हनोदा के युवाओं की टोली द्वारा दुर्ग जिले के ग्रामीण छेत्रो के अलग अलग गांव जा कर दीप यज्ञ के माध्यम से प्रचार प्रसार कर रही है।जिसका संचालन हिमांशुसाहू, कुलेश्वरी, गीतांजलि, यामिनी, विभा, भूपेंद्र, भेषराम,राजू, यावेंद्र, राहुल, योगिता, चंचल, गौरी, निशा, राजेश्वरी, अरुण, यशवंत द्वारा की जा रही कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी गांव में मंत्रालेखन बांटे जा रहे है साथ ही निःशुल्क विभिन्न संस्कार करवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

एक साल पहले गहनों की चोरी के आरोपी सहित बैंक का एक अधिकारी गिरफ्तार

■ कोतवाली पुलिस को मिली सफलता

कांकेर/नवप्रदेश सिविल लाइन में सुने घर से सोने के जेवरात को चोरी करने वालो को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता पाई है।

मिली जानकारी अनुसार पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनुराग झा के पर्यवेक्षण में थाना कांकेर पुलिस ने मन्नापुरम गोल्ड लोन फाइनेंस कंपनी पावर हाउस भिलाई के शाखा प्रबंधक को बिना रसीद गोल्ड पर अनाधिकृत रूप से लोन देने में संलिप्त शाखा प्रबंधक को गिरफ्तार किया है।

मामले का विवरण इस प्रकार है।प्रार्थिया जूही सोनी निवासी

सिविल लाइन कांकेर ने 13 अगस्त 2021 को थाना कांकेर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी की प्रार्थिया के सूने मकान से ताला तोड़ कर कोई अज्ञात चोर सोने का हार, सोने का झुमका, मांग मोती, पायल, बिछिया कुल कीमत दो लाख अठाईस हजार रुपए का कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है मामले में थाना कांकेर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही थी, विवेचना के दौरान आरोपी भरत साहू पिता सदाराम उम्र 20 निवासी एमजी वार्ड, इंद्राणी टंडन पति देव सिंह टंडन ग्राम खेरदा थाना जामुल दुर्ग विधि से संघर्षरत नाबालिग बालक, महेश यादव उर्फ चिंगरी निवासी एमजी वार्ड

रवि गुप्ता निवासी दुर्ग को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।आरोपियों के कब्जे से चोरी की ज्वेलरी जप्त किए गए थे तथा आरोपियों ने चोरी किए सोने के हार को मन्नापुरम गोल्ड लोन फाइनेंस कंपनी पावर हाउस में एक लाख दस हजार रुपए लेकर गिरवी रखना बताया था।गिरफ्तार? आरोपिया इंद्राणी जांगड़े के कब्जे से गोल्ड लोन फाइनेंस से संबंधित कागजात जप्त किया गया था, थाना कांकेर पुलिस इस संबंध में विवेचना कर रही थी,कि मन्नापुरम गोल्ड लोन फाइनेंस कंपनी द्वारा बिना किसी अधिकृत दस्तावेज के किस प्रकार से आरोपियों को लोन फाइनेंस किया गया, उक्त मामले में विवेचना के दौरान मन्नापुरम गोल्ड लोन फाइनेंस कंपनी पावर हाउस भिलाई में पत्राचार कर जानकारी प्राप्त की गई, तत्कालीन समय में पदस्थ ब्रांच हेड श्वेता सोनवानी से पूछताछ किया गया, विवेचना में शाखा प्रबंधक श्वेता सोनवानी द्वारा नियमों की अनदेखी कर अनाधिकृत रूप से किसी रसीद के ही बिना तथा कोई भी जांच किए बगैर ही आरोपीयो द्वारा प्रस्तुत चोरी किए हुए सोने हार को बैंक में गिरवी रखने में सहायता करना प्रमाणित पाए जाने से प्रकरण में शाखा प्रबंधक मन्नापुरम गोल्ड लोन कंपनी श्वेता सोनवानी को अंतर्गत धारा 411, 414 भादवि में गिरफ्तार किया गया बैंक में रखे ,चोरी की मशरूका सोने के हार को भी जप्त किया गया है।

क्रिसमस पर्व में गिरजा घरों में हुई विशेष प्रार्थना सभा

कांकेर/नवप्रदेश रविवार को सुबह से ही गिरजा घरों में मसीही समाज के लोग क्रिसमस पर्व को लेकर विशेष प्रार्थना सभा के लिए चर्च में जुटते रहे। क्रिसमस डे के अवसर पर मसीह समाज ने क्रिसमस पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।शहर के स्थित टिकरापारा एआईएम बेतूल प्रार्थना भवन टिकरापारा कांकेर में भाई प्लेस अनवर की स्टेशन वर्किंग द्वारा प्रभु यीशु मसीह की आराधना किया गया पास्टर एबल वर्गिश द्वारा प्रभु यीशु मसीह का जन्म के जन्मदिन के बारे में बताया गया भारी संख्या में मसीह विश्वासी के साथ मिलकर केक काटा गया और सभी विश्वास क्यों में बांटा गया चर्च के स्थानीय पास्टर एबल वर्गिश कांकेर जिला के अमन शांति के लिए प्रार्थना किया गया कृष्णा से पूर्व संध्या अभी चर्च के बच्चों द्वारा एकल नृत्य सामूहिक नृत्य ग्रुप डांस प्रभु यीशु मसीह के जन्म का नाटक दिया गया इस अवसर पर चर्च के प्रमुख और टिकरापारा के युवा विंग के जवान उपस्थित थे अनिल प्रसादी सुधीर चाको संतोष साहू डीडी भट्ट देवरेसर विश्वरंजन परीक्षा सोनी सर युवा विंग के जवान ब्लेसन वर्गीज ग्रेसन वर्गिस शुभम उरकुड़े पवन कांगे राहुल साहू गौरव सोनी वैभव परसादी पियोस मसीह उपस्थित रहे।

भाजपा ने मनाया सुशासन दिवस

बिल्हा/नवप्रदेश।। पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने भाजपा बिल्हा विधानसभा के बिल्हा मंडल के ग्राम दगोरी, बूथ क्रमांक-143 में एवं भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष बृजभूषण वर्मा ने बिल्हा मण्डल ग्राम पंचायत गोढी बूथ क्रमांक 144 में अटल को श्रद्धांजलि अर्पित की। एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनी कार्यक्रम में भाजपा बिल्हा मण्डल उपाध्यक्ष घनश्याम कौशिक, कामता जोशी, खोरबहरा कौशिक, भाजयुमो महामंत्री केतन वर्मा नंदकुमार सनाढ्य, श्यामसुंदर कौशिक, होरीलाल साहू, बिंदा यादव, अमित कौशिक, आकाश कौशिक, रामभरोष निषाद, सोनू बघेल, श्यामता कौशिक, मनोज वर्मा, हरिराम ध्रुव, मोहन वर्मा, रमेश वर्मा, रिखीराम वर्मा, सुरेश ध्रुव, सोनू वर्मा, साहूरा यादव एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता ग्रामवासी उपस्थित रहे।

अवैध रेत परिवहन पर प्रशासन ने कसा शिकंजा

भोपालपटनम/नवप्रदेश। क्षेत्र में रेत ठेकेदार द्वारा रेत का भंडारण करके रखा गया है. इस रेत को भंडारण स्थान से गंतव्य स्थान तक चौपहिया वाहन से परिवहन किया जाता है. परिवहन करते समय शासन के मानक के हिसाब से रेत भरा जाना है किन्तु रेत ठेकेदारो द्वारा मानकों दरकिनार कर अधिक मात्रा में रेत परिवहन करते हुए प्रशासन के अधिकारी ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया. अब खनिज विभाग इस पर क्या कार्रवाई करता है इस पर क्षेत्र की जनता के लिए जिज्ञासा बना है?

भोपालपटनम में रेत भंडारण से गंतव्य स्थान तक रेत परिवहन करते हुए प्रशासनिक द्वय अधिकारी अनु विभागीय अधिकारी (राजस्व) नारायण गवेल एवं तहसीलदार सुर्यकांत घरत के नेतृत्व में अवैध रेत परिवहन करते हुए चार ट्रक को तारलागुड़ा में पकड़ा.जो तारलागुड़ा रेत भंडारण से स्वीकृति 20 घन मीटर से अधिक अवैध रेत भरकर तेलंगाना रेत परिवहन कर रहे थे. इन 4 वाहनों को जब्त कर तारलागुड़ा थाना के सुपुर्द कर खनिज शाखा को अग्रिम कार्यवाही के लिए लिखा गया है. जिससे रेत ठेकेदारो में हड़कंप मच गया है. प्रशासन का इसी तरह प्रशासनिक डंडा चला तो अवैध धान, सागौन, गुटखा, महुआ और मादक पदार्थों आदि पर अपने आप शिकंजा लग जाएगा।

इसी प्रकार आदेश्वर स्कूल के पीछे शासकीय भुमि पर व विश्राम भवन के सामने अतिक्रमणकारियों ने तार से घेरकर अतिक्रमणक कर लिया था अनु विभागीय अधिकारी (राजस्व) और तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व विभाग व नगर पंचायत कर्मचारियों द्वारा अतिक्रमण हटाया गया. चेताया है कि शासकीय भुमि पर अतिक्रमण करने पर गंभीर परिणाम भुगतने होंगे. साथ द्वय अधिकारी द्वारा बताया गया है कि सभी शासकीय भुमि पर पर कड़ी कार्यवाही की जावेगी।

अवैध रेत परिवहन और अतिक्रमणकारियों पर प्रशासनिक डंडा चला तो चतुर भूमाफियाओं और रेत ठेकेदारो में प्रशासनिक खौफ है।

112 टीम ने एक व्यक्ति को फांसी लगने से पहले बचाया

कबीरधाम। डॉ. लाल उमेद सिंह पुलिस अधीक्षक कबीरधाम, मनीषा ठाकुर रावटे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कबीरधाम द्वारा डॉयल 112 में प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल त्वरित कार्यवाही किये जाने समस्त डॉयल 112 कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है, कि इसी कड़ी में दिनांक 24/12/2022 को थाना पाण्डातराई डॉयल 112 में सी-4 रायपुर से 10/15 बजे सूचना मिली कि रिखी चंद्रवंशी नामक व्यक्ति जो अपने घर पर से रस्सी लेकर फांसी लटककर आत्महत्या करने जा रहा हूं, कहकर अपने बाड़ी तरफनिकला है, कि उक्त सूचना पर डॉयल 112 में ड्युटीरत् आरक्षक रूपेश राजपूत एवं चालक नेहरू चंद्रवंशी ने उक्त सूचना के संबंध में थाना प्रभारी पाण्डातराई को अवगत कराकर तत्काल सी-4 से प्राप्त सूचना के आधार पर मौके पर पहूंचकर सूचनाकर्ता के बताये गये जानकारी के आधार पर रिखी चंद्रवंशी की आसपास खोजबीन किया गया। जो रिखी चंद्रवंशी पिता हटोई चंद्रवंशी उम्र 35 साल निवासी वार्ड नंबर 03 पाण्डातराई ने अपने बाढ़ी के आम पेड़ के डंगाल में नालोन के रस्सी को बांधकर गले में फंद्दा डालकर फांसी के लिए झूलने वाला ही था, कि उसी समय डॉयल 112 आरक्षक रूपेश चंद्रवंशी ने सूझबूझ का परिचय देते हुए चालक नेहरू चंद्रवंशी के साथ रिखी चंद्रवंशी को फांसी लगाने से बचाते हुए फांसी के फंद्दा को उसके गला से निकालकर उसे सुरक्षार्थ बचाया गया तथा रिखी चंद्रवंशी को समझाते हुए उससे इस प्रकार की घटना कारित करने के संबंध में पुछताछ करने पर बताया कि उसके विरूद्ध वर्ष 2018 में एक नाबालिग लड़के से बोईरकांटा से मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने पर धारा 302,506 भादवि एवं 6,10 पाक्सो एक्ट के केस में इसे 10 वर्ष का शश्रम कारावास हुआ है। जिस पर वह जेल में रहकर वर्तमान में जमानत पर है व उसी प्रकरण में उसका अपील माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में विचाराधानी है। जिसके लिए बिलासपुर जाने रूपये-पैसे की आवश्यकता होने पर यह परिवार वालों से पैसे की मांग किया जिस पर परिवार वाले पैसे नहीं देने पर वह नाराज व क्षुब्ध होकर फांसी लगाकर आत्महत्या करने की नियत से घर से नायलोन रस्सी लेकर बाड़ी में जाकर आम के डंगाल में फांसी लगाने वाला था।

बाउंड्रीवाल गिरने से दो मासूम दबे, महिला बाल-बाल बची

रामानुजगंज/नवप्रदेश। नगर में शासकीय जमीनों पर कब्जा करने की किस प्रकार से होड़ मची है आज उसका नजारा उस समय देखने को मिला जब नगर के वार्ड क्रमांक 6 शास्त्री चौक के समीप रविवार को छुट्टी के दिन कई मजदूरों से बाउंड्रीवाल का निर्माण जल्दी-जल्दी में लापरवाही पूर्वक करा जा रहा था जिस कारण बाउंड्रीवॉल गिर गया और उसमें 2 वर्षीय मासूम दब गई वही एक महिला बाल बाल बची जिसके बाद अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया आनन-फानन में लोगों ने दौड़कर बच्चे को बाहर निकाला और तत्काल रामानुजगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां बच्ची की स्थिति गंभीर देखते हुए तत्काल अंबिकापुर के लिए रेफर कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड क्रमांक 6 शास्त्री चौक में शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा के उद्देश्य छुट्टी के दिन कई मजदूरों को लगाकर बाउंड्री वाल का निर्माण कराया जा रहा था बाउंड्री वाल को निर्माण करने की जल्दी बाजी ऐसी थी तुरंत तुरंत 5 फीट से ऊपर जुड़ाई समतल जमीन पर कर दिया गया था इसी दौरान बाउंड्रीवॉल के दूसरी ओर 2 वर्षीय मासूम शिवानी पिता पंकज ठाकुर खेल रही थी वहीं पास में शोभा देवी उम्र 45 वर्ष बैठी थी। बाउंड्री वॉल सुबह 11 बजे करीब गिरा तो बच्ची उसमें दब गई और महिला बाल बाल बची बच्ची के बाउंड्रीवॉल में दबने के बाद वहां अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए और बच्ची को निकाला गया बच्ची का प्राथमिक इलाज स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया परंतु बच्ची की स्थिति गंभीर होने कारण तत्काल उसे अंबिकापुर के लिए रेफर कर दिया गया समाचार लिखे जाने तक बच्चे की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सनोज दास ने कहा कि हम लोग वर्षों से शास्त्री चौक में दुर्गा मूर्ति रखते आ रहे है जहां हम लोग दुर्गा मूर्ति रखते हैं वह निजी भूमि है। हम लोग लगातार प्रशासन से जिस स्थान पर अवैध कब्जा है उसी स्थान को दुर्गा मंडप के लिए मांग किए थे जिसमें पार्षदों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरित ज्ञापन भी सौंपा था परंतु प्रशासन के द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया जिस कारण आज ऐसी स्थिति निर्मित हुई कि 2 वर्षीय बच्ची के जान पर बन आई। इस संबंध में वार्ड पार्षद खुशबू जायसवाल ने कहा कि शासकीय जमीन पर अवैध निर्माण की सूचना एवं विवाद की स्थिति निर्मित होने की जानकारी जब मुझे मिली तो मैं मौके पर गई थी वहां पुलिस भी पहुंची थी वह गणमान्य नागरिक भी वार्ड के उपस्थित थे समझाइश दी गई थी व निर्माण रोकने के लिए भी कही थी परंतु उसके बाद भी निर्माण हो रहा था और ऐसी स्थिति निर्मित हुई।

बेशकीमती है जमीन बस स्टैंड के नजदीक की

. शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा की होड़ नगर में मची हुई है नगर के वार्ड क्रमांक 6 में जिस जमीन पर बाउंड्रीवाल का निर्माण शासकीय भूमि पर कब्जा करने के लिए किया जाना था वह जमीन बस स्टैंड के नजदीक है ऐसे में उस जमीन को बेशकीमती माना जाता है और इसी जमीन के लिए वहां मोहल्ले वालों से लड़ाई झगड़ा होता रहता है यदि राजस्व विभाग के जमीनी अमला के द्वारा ध्यान दिया जाता तो ऐसी स्थिति निर्मित नहीं होती।

नाली सड़क बनाने में भी अड़चन

शासकीय जमीन पर किस प्रकार से अतिक्रमण हो रहा है एवं अतिक्रमणकारियों का मनोबल किस प्रकार से बड़ा हुआ है इसे किस बात से समझा जा सकता है कि अतिक्रमणकारियों के द्वारा नाली एवं सड़क का निर्माण नहीं होने दिया जाता है ऐसे में प्रशासन को सख्ती करने की आवश्यकता है नहीं तो नगर का विकास बाधित होगा।

गायत्री परिवार का प्रांतीय नारी सशक्तिकरण चेतना शिविर 27 से 29 तक

- गायत्री परिवार की प्रमुख शांतिकुंज अधिष्ठात्री शैल दीदी आएंगी
- 5000 से अधिक महिलाएं करेंगी शिरकत

रायुपर/नवप्रदेश। अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में गायत्री परिवार छत्तीसगढ़ द्वारा दिनांक 27 से 29 दिसंबर तक एयरपोर्ट के सामने स्थित जैनम मानस भवन में प्रांतीय नारी सशक्तिकरण चेतना शिविर का आयोजन किया गया है। गायत्री परिवार छत्तीसगढ़ की जोन समन्वयक आदर्श वर्मा एवं नारी जागरण अभियान की प्रांत प्रभारी डॉ. कुन्ती साहू ने पत्रकारवार्ता में बताया कि इस शिविर में गायत्री परिवार की प्रमुख व शांतिकुंज हरिद्वार की अधिष्ठात्री श्रद्धेया शैल बाला पंड्या जीजी शिविरार्थियों को मार्गदर्शन व विशेष संदेश देंगी। इसी शिविर में गायत्री तीर्थ शांतिकुंज से आदरणीय शेफाली दीदी नारी जागरण अभियान व डॉक्टर चिन्मय पंड्या प्रति कुलपति देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार (उत्तराखंड) भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होकर अपना संदेश प्रदान करेंगे। शिविर में छत्तीसगढ़ के अलावा उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, ओड़िशा, झारखंड और बिहार की 5000 से अधिक महिलाएं शिरकत करेंगी। गायत्री परिवार का पूरे भारत वर्ष में इतने वृहत स्तर पर नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र का यह कार्यक्रम प्रथम आयोजन होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गायत्री परिवार की महिला मंडल द्वारा

प्रदेश के सभी ब्लॉकों / जिलों में संपर्क अभियान चलाया जा रहा है साथ ही इसकी तैयारियां भी वृहत स्तर पर तेजी से चल रही है।

उन्होंने बताया कि गायत्री परिवार के संस्थापक वेदमूर्ति, तपोनिष्ठ, युग ऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य जी के उदघोष इक्कीसवी सदी उज्ज्वल भविष्य एवं इक्कीसवीं सदी नारी सदी को सार्थक करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ प्रांत में विगत दो वर्षों से जिला / ब्लॉक एवं ग्रामीण स्तर पर सघन कार्यशालाओं के माध्यम से विभिन्न रचनात्मक आंदोलनों पर मंथन किया गया हैं। इनके उत्साहवर्धन एवं वन्दनीया माता भगवती देवी शर्मा जी के जन्म शताब्दी वर्ष 2026 तक की कार्ययोजनाओं पर गहन चिंतन हेतु प्रांत स्तर पर यह आयोजन किया जा रहा है। यह पूरा कार्यक्रम गायत्री परिवार की प्रमुख आदरणीय शैलजीजी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

शांतिकुंज अधिष्ठात्री शैलदीदी को अध्यात्म एवं नारी जागरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिये वर्ष 2022 में उन्हें वैशविक प्रियदर्शिनी पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है। शैल दीदी के मार्गदर्शन में अब तक लाखों उच्च शिक्षित बहनें अंधविश्वासो और मूढमान्यताओं से मुक्त हुई है । गायत्री परिवार के द्वारा इस अभियान को निरंतर तीव्र गति प्रदान किया जा रहा है। है। साथ ही युवा बहनों के लिये कन्या कौशल शिविर भी चलाया जा रहा है। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिये विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण व शिविर का आयोजन समय-समय पर किया जा रहा है। गायत्री परिवार के द्वारा चलाये जा रहे सात सूत्रीय आंदोलन साधना, स्वास्थ्य, चिकित्सा, स्वावलम्बन, पर्यावरण, नारी जागरण, व्यसन मुक्ति कुरीति उन्मूलन बड़ी संख्या में लोग जुड़ते जा रहे हैं। वह अपने आपको इस दैवीय मिशन से जोड़कर गौरवान्वित महसूस करते हैं।

शिविर का शुभारंभ 27 दिसंबर 2022 को प्रातः 08 बजे शेफाली दीदी व शांतिकुंज के प्रतिनिधिगण द्वारा ध्वजारोहण व दीप प्रज्वलन कर किया जाएगा। दिनांक 29 को श्रद्धेया शैल बाला पंड्या जीजी व डॉक्टर चिन्मय पंड्या द्वारा विशेष मार्गदर्शन व दिव्य संदेश दिया जाएगा। इसके उपरांत रायपुर से भिलाई जाकर वहां आयोजित अश्वमेध यज्ञ की रजत जयंती कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे तथा 30 दिसंबर को सभी शांतिकुंज हरिद्वार के लिए रवाना होंगे।

कट्टा एवं जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर। टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना टिकरापारा क्षेत्रांतर्गत मिलन चौक स्थित बल्ला प्लाट पास एक व्यक्ति अपने पास कट्टा रखा है, जो आने जाने वालो लोगों को कट्टा दिखाकर डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी को पकड़कर पूछताछ किया, तो आरोपी ने अपना नाम मनीष साहू उर्फ गोलू निवासी मठपुरैना टिकरापारा रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा मनीष साहू उर्फ गोलू की तलाशी लेने पर उसके पास कट्टा एवं जिंदा कारतूस रखा होना पाया।

सरेआम शराब पीते 15 गिरफ्तार

रायपुर। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 15 नशेड़ियों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई पुलिस ने मेटल पार्क रावाभाठा के पास सरेआम शराब पीते आरोपी अमल सिंह ध्रुव 50 वर्ष व रिकेश कुमार 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी विरेंद्र देवांगन 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गंज पुलिस ने आरोपी अतुल शर्मा 20 वर्ष, ओम शर्मा 21 वर्ष, पंकज मंगल 32 वर्ष व चेतन राठौर 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं कबीरनगर पुलिस ने आरोपी शिवराज ताण्डी 19 वर्ष, नीसू सबर 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं सूदन निषाद 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

रभु यीशु के संदेशों में भाईचारा है, प्रेम है जिससे दुनिया में फैले हिंसा घृणा, ईर्ष्या और दुख को पराजित किया जा सकता है : भूपेश बघेल

रायुपर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज क्रिसमस पर्व पर राजधानी रायपुर के सेंट जोसफ कैथेड्रल और सेन्ट पॉल कैथेड्रल पहुंचकर प्रार्थना में शामिल हुए और प्रदेश के सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। उन्होंने मसीही समाज सहित समस्त प्रदेशवासियों को क्रिसमस की बधाई और शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर श्री बघेल ने कहा कि आज विश्वभर में प्रभु ईसा मसीह का जन्म दिन पूरे धूमधाम से मनाया जा रहा है। सभी घरों में केक एवं मिठाईयां बनाई जा रही हैं, आज बच्चे भी सज-धजकर यहां आए हैं यह बहुत बड़ा दिन है । प्रभु यीशु का संदेश पूरी मानवता के लिए है । उन्होंने बताया कि करुणा, प्रेम और सेवा के माध्यम से ही हम ईश्वर तक पहुंच सकते हैं, यही वह

मार्ग है जिससे जीवन में व्याप्त घृणा, ईर्ष्या और क्रोध से हम जीत सकते हैं । इस संदेश में भाईचारा है, प्रेम है जिससे आज दुनिया में फैले हिंसा, घृणा, ईर्ष्या और दुख को पराजित कर सकते हैं । मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि हमें प्रभु यीशु के संदेशों का अनुसरण कर मानवता की सेवा करनी चाहिए ताकि इस मानव सभ्यता को और ऊंचाई पर ले जा सकें । उन्होंने कहा कि आज इस पवित्र दिन के अवसर पर प्रभु ईसा मसीह को नमन करते हुए आप सबको बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं । मुख्यमंत्री बघेल ने इस मौके पर कैथेड्रल में उपस्थित लोगों के साथ केक काटकर क्रिसमस सेलिब्रेट किया। चर्च में उपस्थित सभी लोगों ने प्रभु की प्रार्थना की और चर्च के गायन दल ने कैरोल गीत प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का मसीही समाज के द्वारा पुष्पगुच्छ और शॉल भेंटकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के अध्यक्ष श्री कुलदीप जुनेजा, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष श्री महेन्द्र छाबड़ा, महापौर श्री ऐजाज ढेबर तथा सेंट पॉल्स कैथेड्रल में बिशप द राइट रेवरेंड अजय उमेश जेम्स, पादरी अजय मार्टिन, डीकन मारकुस केजु, डीकन के. खूंटे, डीकन ए. कोरी, डीकन अब्राहम रास और डायसिस के प्रवक्ता श्री जॉन राजेश पॉल सहित मसीही समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

प्रदेश में नये मेडिकल कॉलेज खोलने पर काम करेंगे, आईटीआई के उन्नयन के लिए भी हो रहा काम : भूपेश

रायुपर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में मेडिकल शिक्षा की अधोसंरचना मजबूत हुई है। इसे और आगे बढ़ाते हुए नये मेडिकल कालेज आरंभ करेंगे। हमने आईटीआई के माध्यम से नये ट्रेड्स द्वारा कौशल विकास का निर्णय कर इसके लिए कार्य आरंभ कर दिया है। शिक्षा की मजबूती से ही समाज की मजबूती है और यह हम प्राथमिकता से कर रहे हैं। वे आज दुर्ग जिले के ग्राम दैमार में आयोजित बाबा गुरू घासीदास जी की जयंती कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में आगे कहा कि विवेकानंद और राजा राममोहन राय जैसे मनीषियों ने देश में विज्ञान की पढ़ाई को बढ़ावा देने के लिए अंग्रेजी शिक्षा की बात कही क्योंकि विज्ञान की अधिकतर बातें अंग्रेजी में थीं। हमारे बच्चे भी वैश्विक भाषा से पीछे नहीं रह जाएं, वैज्ञानिक शब्दावली उन्हें आसानी से समझ आये, इसके लिए भी हमने स्वामी आत्मानंद स्कूल प्रारंभ कर एक मजबूत अधोसंरचना तैयार की है, साथ ही अंग्रेजी माध्यम कॉलेज प्रारंभ करने की तैयारी कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में गुरु घासीदास ने मनखे-मनखे एक समान का विचार रखा। छत्तीसगढ़ में उन्हें गुरु कहा जाता है क्योकि गुरु वो हैं जो अंधकार से प्रकाश में ले जाएं और हमें सही रास्ता दिखाये, जो जीवन जीने की कला सिखाये, जो हमें सदमार्ग पर ले जाए। इसलिए आज 266 साल बाद भी बाबा जी के विचार हमें रास्ता दिखा रहे हैं। उनके रास्ते पर चलने का मतलब है कि हमें अपनी सामाजिक कुरीतियों को पूरी तरह त्यागना होगा।

आंख में मिर्च पावडर डालकर मोबाइल लूटा

रायपुर/नवप्रदेश। वीर शिवाजी नगर के सामने बाइक सवार अज्ञात दो युवकों ने एक्टिवा सवार युवक के आंख में मिर्च पावडर डालकर मोबाइल फोन लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मारूति लाइफ स्टाईल कोटा निवासी प्रार्थी शिशिर अग्रवाल 35 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि उसका भाई श्रवण जगनानी कल रात दुकान बंद कर एक्टिवा से अपने घर आ रहा था। तभी वीर शिवाजी नगर के सामने बाइक सवार अज्ञात दो युवक उसके पास आए और आंख में मिर्च पावडर डालकर बेट से सिर पर मारकर चोट पहुंचाया। जिससे श्रवण एक्टिवा से नीचे गिर गया। जिसके बाद आरोपियों ने प्रार्थी के मोबाइल लूट कर भाग निकले। लूटे गए मोबाइल की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 394 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

रायपुर/नवप्रदेश। जनता कालोनी गुढ़ियारी स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 1 लाख 25 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार जनता कालोनी गुढ़ियारी निवासी प्रार्थी पूनाराम साहू 30 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि कल शाम वह अपने घर में ताला लगाकर कहीं गया हुआ था। जब रात साढ़े 9 बजे वापस लौटा तो देखा कि उसके घर का ताला टूटा हुआ है और आलमारी में रखे नकदी 1 लाख 25 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर गायब है। चोरी गए जुमला कीमती करीब 1 लाख 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

युवक से मारपीट, अपराध पंजीबद्ध

रायपुर/नवप्रदेश। गोंदवारा दुर्गा मंदिर के पास चार युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार गोंदवारा दुर्गा मंदिर के पास रहने वाला प्रार्थी मुकेश ठाकुर 42 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि उसके घर के पास कुछ लड़के विवाद कर रहे थे। जिससे प्रार्थी का पुत्र अंशुल ठाकुर बीच बचाव करने पहुंचा तो आरोपी पंकज ध्रुव, बोगा, आलोक व आकाश ने प्रार्थी के पुत्र से गाली-गलौज कर मारपीट किए। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। बाजार चौक उरकुरा में पुरानी रंजिश के चलते तीन युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किए। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार बाजार चौक उरकुरा निवासी प्रार्थी रितिक दास 22 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी डागेश, सत्यम व अन्ना ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किए। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

ट्रैक्टर की ठोकर से मासूम की मौत, बुजुर्ग महिला घायल, केस दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम बाना स्थित होटल के सामने एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मासूम बच्ची व बुजुर्ग महिला को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे मासूम बच्ची की मौत हो गई। वहीं बुजुर्ग महिला घायल है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बना निवासी रोशन यादव 31 वर्ष बीएमएस कोल्ड फैक्ट्री के पास होटल चलाता है। बताया जाता है कि कल दोपहर उसकी डेढ़ साल की पुत्री होटल के सामने खेल रही थी, तभी ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 04 एनएस 4296 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मासूम बच्ची व उसकी दादी कौशल्या को अपनी चपेट में ले लिया।

राजभवन में मसीही समाज ने केरोल सांग का किया गायन

राज्यपाल उइके ने क्रिसमस पर्व की दी बधाई

रायुपर/नवप्रदेश। राज्यपाल अनुसुईया उइके से राजभवन में कैपिटल पास्टर्स फैलोशिप रायपुर के उपाध्यक्ष डॉ. पी. अनिल कुमार के नेतृत्व में मसीही समाज के प्रतिनिधियों ने सौजन्य मुलाकात कर उन्हें क्रिसमस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने भी मसीही समाज को क्रिसमस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर कैपिटल पास्टर्स फैलोशिप के सदस्यों ने

कैरोल सांग का गायन किया। साथ ही पास्टर्स ने धर्म ग्रंथ बाईबिल के कुछ अंश का वाचन कर प्रभु यीशु के जन्म के उद्देश्य के बारे में भी बताया। राज्यपाल ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह ने हमें सच्चे मार्ग में चलने का रास्ता दिखाया है। वे हमेशा भाई-चारा और प्रेम का संदेश देते हैं। सुश्री उइके ने कहा कि हमें प्रभु यीशु के संदेशों का अनुसरण करना चाहिए। मानव मात्र के लिए दया, करूणा और सेवा की भावना हमारे अंदर बनी रहे।

दिसंबर के महीने में भी नहीं पड़ रही ठंड, अगले सप्ताह से फिर बदलेगा मौसम का मिजाज

रायुपर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बीते दस वर्षों में रायपुर में दिसंबर का महीना सबसे कम ठंडा रहा, बता दें कि दिसंबर का महीना खत्म होने में केवल एक हफ्ते ही बचे है लेकिन अब भी दिसंबर में ज्यादा ठंड नहीं पड़ रही है। इस महीने में भी आम जनता को गर्मी का एहसास होने लगा हैज्आपको बता दें कि 2017 में रायपुर का न्यूनतम तापमान 8.9 डिग्री सेल्सियस पहुंचा था, मौसम विभाग का कहना है कि अगले सप्ताह से प्रदेश में मौसम का मिजाज फिर से बदलेगा और एक बार फिर न्यूनतम तापमान में गिरावट आएगी, इससे ठिठुरन में बढ़ोतरी होगीज्हालांकि अंबिकापुर में शीतलहर के हालात है। इसके साथ ही पेंड्रा रोड में ठिठुरन बढ़ी है। इसके साथ ही आगे मौसम विभाग ने बताया कि शुक्रवार को प्रदेशभर में कबीरधाम सबसे ठंडा रहा, एडब्ल्यूएस कबीरधाम में न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस रहा। शुक्रवार सुबह से ही रायपुर सहित प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहा। हवा की दिशा बदलने की वजह से इन दिनों ठंड थोड़ी कम पड़ रही है। बीते 10 वर्षों में ऐसा हुआ है कि पहली बार दिसंबर में इतनी कम ठंड पड़ी है। रायपुर का अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक रहा।

चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर। राजेन्द्र नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चाकू लहराते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि पुरैना इंद्रात्मनगर में एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी राहुल जगत 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मुख्यमंत्री बघेल ने महामना मदन मोहन मालवीय और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भारतरत्न पंडित मदन मोहन मालवीय और पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहाँ अपने निवास कार्यालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भारतरत्न पंडित मदन मोहन मालवीय और पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया । मुख्यमंत्री ने मालवीय के देश के प्रति योगदान को याद करते हुए कहा कि मालवीय जी ने देश की

आजादी के लिए भरसक प्रयत्न किया और भारत माता की सेवा में अपना पूरा जीवन लगा दिया। मालवीय जी महान शिक्षाविद, बेहतरीन वक्ता तथा राष्ट्रीय नेता थे। उन्होंने भारत में शिक्षा के एक बड़े केन्द्र बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना की है। उन्हें सम्मानपूर्वक महामना के नाम से जाना जाता है। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि मालवीय जी ने जिस समर्पण और विचार मूल्यों के साथ भारत में राष्ट्रीयता की नींव रखी,वह हर भारतीय के लिए अनुकरणीय है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भारतरत्न पंडित मदन मोहन मालवीय और पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया मुख्यमंत्री ने अटल जी का स्मरण करते हुए कहा कि उनका व्यक्तित्व बहुआयामी था। वे अपनी राजनैतिक और व्यक्तिगत शुचिता के लिए जाने जाते हैं। अटल जी कुशल राजनीतिज्ञ होने के साथ एक ओजस्वी वक्ता और कवि भी थे। उन्होंने कहा कि बाजपेयी जी अपने गरिमामयी व्यक्तित्व और प्रेरक कविताओं के लिए सदा याद किये जाएंगे।

गोवा के साथ अब रायपुर से अमृतसर उड़ान की सौगात

रायपुर। नए साल में हवाई यात्रियों को गोवा के साथ ही रायपुर से अमृतसर उड़ान की भी सौगात मिल रही है। हालांकि रायपुर से गोवा उड़ान सीधे है और गोवा से अमृतसर के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट है। इंडिगो एयरलाइंस द्वारा यह उड़ान अगले महीने सात जनवरी से शुरू की जा रही है। विमानन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार फ्लाइट क्रमांक 6ई0885 रायपुर से गोवा शाम 6.40 बजे गोवा के लिए उड़ान भरेगी और रात्रि 8.40 बजे गोवा पहुंचेगी। यही फ्लाइट गोवा से कोचीन के लिए रात्रि 9.10 बजे उड़ान भरेगी और 10.30 बजे कोचीन पहुंचेगी।

मुख्यमंत्री से सेंट पाल्स केथ्रेड्रल चर्च के अध्यक्ष ने की मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री बघेल से आज शाम यहां उनके निवास कार्यालय में राजधानी रायपुर के सेंट पॉल्स केथ्रेड्रल चर्च के अध्यक्ष अजय मार्टिन के साथ आए मसीह समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की और उन्हें क्रिसमस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में आने का न्यौता दिया। मुख्यमंत्री ने मसीह समाज के प्रतिनिधिमंडल को क्रिसमस की अग्रिम शुभकामनाएं दी और सेंट पाल्स केथ्रेड्रल चर्च में क्रिसमस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपनी सहमति दी। इस मौके पर कोषाध्यक्ष जेवियर प्रकाश, सेक्रेटरी मंशीस केजू, सदस्य नवीन राजरस, डिकन अरुण और जॉन राजेश पॉल मौजूद थे।

स्वदेशी मेले में छाया पीठा महोत्सव

- सामाजिक समागम में ओडिशा की लोककला, संस्कृति, जीवनशैली देख श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

रायुपर/नवप्रदेश। साइंस कॉलेज रायपुर में 23 से 29 दिसंबर तक 7 दिवसीय स्वेदशी मेला जहां खानपान, झूला, विभिन्न राज्यों के उत्पादों को एक मंच दे रहा है वहीं संध्या में सामाजिक समागम के तहत होने वाले मंचीय प्रदर्शन से लोककला और संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रयास भी किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को पीठा महोत्सव आयोजित किया गया जिसमें ओडिशी संस्कृति की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां और प्रतिकृतियां लोगों को बरबस ही आकर्षित कर रही थीं। शनिवार को स्वदेशी मेला का समय पीठा महोत्सव के नाम था, जिसमें ओडिशा संस्कृति, लोककला, नृत्य, जीवनशैली की मनोहारी पेशकश दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद सुनील सोनी ने कहा की स्वदेशी मेले से आत्मनिर्भरता बढ़ी है और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिला है,आज जनता हर्बल, जैविक सामानों को ज्यादा पसंद कर रही है उससे भारतीयता का प्रसार अब विदेशों तक हो गया है। उत्कल संस्कृति परिषद, रायपुर द्वारा पीठा महोत्सव के माध्यम से उड़ीसा राज्य की संस्कृति, भाषा, नृत्य, खानपान आदि से जनमानस को रूबरू कराया गया। मेले में सैल्फी जोन के रूप में पसंद किए जा रहे अद्वितीय और मनोहारी पुरी के जगन्नाथ मंदिर और कोणार्क के सूर्य मंदिर की हूबहू प्रतिकृति लोगों को अपनी ओर सहज ही आकर्षित कर रही है और लोग उसके समक्ष फोटो लेने की होड़ में लगे रहते हैं। इस कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष कमलकांत भोई, संरक्षक पुरंदर मिश्रा और अमर बंसल थे। इसका निर्माण करने वाले सुशील वरिया, पदमपुर, जिल वरगड़ से हैं। सांस्कृति कार्यक्रमों की कड़ी में संबलपुरी, ओडिशी वेशभूषा के साथ कलाकारों के दल ने फोक डांस, घूमुरा आदि नृत्यों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी जिसका दर्शकों ने खूब आनंद उठाया। वहीं ओडिशी व्यंजनों में आइरसा, मीठा काकरा, मीठा खाजा, मुर्रालाडू, बड़ा रसगुल्ला, छेनापुड़ी, बीरी बड़ा, दही बड़ा जैसे स्वादिष्ट व्यंजनों का लोगों ने जमकर चटखारा लगाया। दोपहर में एकल नृत्य का ऑडिशन दो वर्गों में हुआ जिसमें 40 लोगों ने भाग लिया, यह प्रतियोगिता रविवार को होगी। मेले में मेला संयोजक अमर बंसल, गोपाल कृष्ण अग्रवाल, मोहन पवार, शीला शर्मा, अमरजीत सिंह छाबड़ा, शताब्दी पांडेय, सुब्रत चाकी,जगदीश पटेल, उमेश पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता दिन रात जुटे हुए हैं।

तलाकशुदा पत्नी से मारपीट, जान से मारने की धमकी दी, जुर्म दर्ज

खैरागढ़ नवप्रदेश । राज परिवार की एक तलाक शुद महिला ने अपने पति पर घर में घुसक जमकर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने की पुलिस में शिकायत की है। पुलिस ने बताया कि खैरागढ़ के वार्ड 4 राजफैमली की निवासी प्रिंस सिंह ने शिकायत दर्ज कराई है कि शुक्रवार की शाम तलाकशुदा पति संजय सिंह शराब के नशे में उसके घर पहुंचा और उसके साथ गाली- गलौज व मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने बताय कि प्रिंसी सिंह का विवाह संजय सिंह से 14 जुलाई 2005 को हुआ था और तलाक 6 दिसम्बर 2021 को हुआ । वर्तमान में दोनों में किसी भी प्रकार से रिश्ता नहीं है। शुक्रवार की शाम संजय नशे में तलाश शुदा पत्नी प्रिंस के घर आकर गाली-गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 452 के तहत अपराध दर्ज किया है।

बाघुल में शुरू हुआ श्रीराम महायज्ञ

नवागढ़/नवप्रदेश। शनिवार को ग्राम पंचायत बाघुल में गौ मां प्रेम क्रांति यात्रा के तत्वधान में श्रीराम महायज्ञ एवं रामकथा शुभारंभ का अवसर पर कलश यात्रा के साथ हुआ। इस दौरान कलश यात्रा गांव के प्रमुख मार्गो से गुजर कर हाफ नदी तक पहुंची, वहां से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जल भरकर पूजन अर्चन कर पुनः कथा स्थल पहुंचा। इसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़ हिस्सा लिया। गाजे बाजे के साथ निकली यात्रा के दौरान कलश लिए कन्याओं का समूह व राम दरबार की झांकी निकाली गई। यज्ञाचार्य ने कलश पूजन करवाकर यज्ञ मंडप मे स्थापित कराया । जय श्री राम का जयघोष से पूरा क्षेत्र को भक्तिमय हो गया।

शक्तिधाम पीठाधीश्वर कल्याणपुर महंत दिवाकर महाराज ने बताया कि यह यज्ञ 24 से 30 दिसंबर तक चलेगी। जिसमें सोमवार से हवन प्रारंभ होगा। 30 दिसम्बर को पूर्णाहुति के साथ कथा विश्राम होगा। साध्वी लक्ष्मी भारती के मुख से प्रतिदिन दोपहर 01 बजे से शाम 06 बजे तक श्री राम कथा का वाचन होगा। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वह अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्म लाभ लें।

इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री मधु राय, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष देवादास चतुर्वेदी, कांग्रेसी नेता विजय बघेल, मिंटू बिसेन,यजमान रामकिशुन साहू, मीना साहू, राजेश दीवान, केदार साहू, रामनाथ साहू, भागवत साहू सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

एनटीपीसी कोरबा के तीरंगदाजी शिविर से निखर रही युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा

कोरबा/नवप्रदेश। एनटीपीसी कोरबा सीएसआर द्वारा सामाजिक नैगमिक दायित्व के तहत् तीरंदाजी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिभा खोज शिविर का आयोजन किया जा रहा है। तीरंदाजी प्रतिभा खोज हेतु यह शिविर कोरबा जिले के चार अलग अलग क्षेत्रों में एक-एक सप्ताह के लिए आयोजित होगें।

शिविर का पहला आयोजन सुदूर वनांचल ग्राम देवपहरी के गौ मुखी सेवाधाम में दिनांक 15 दिसंबर 2022 से 21 दिसंबर 2022 तक किया गया, जिसमें माध्यमिक एवं हाई स्कुल के लगभग 100 बालक एवं बालिका सम्मिलित होकर खेल के इस प्राचीन विधा में कौशल निखारने मार्गदर्शन प्राप्त किये। उक्त तीरंदाजी शिविर में तीरंदाजी के नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट एवं राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित श्री भरत यादव ने खेल की बारीकियों से अवगत कराते हुए अपना मार्गदर्शन प्रदान किये। दिनांक 21 दिसंबर 2022 को शिविर के समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी कोरबा के मुख्य महाप्रबंधक श्री पी एम जेना ने कहा की ष्एनटीपीसी कोरबा का लक्ष्य सामाजिक दायित्व के अंतर्गत युवाओं के कौशल विकास एवं प्रतिभा को निखारना है। इस प्रतिभा खोज शिविर के द्वारा हम प्रतिभाशील उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सशक्त बनाने का प्रयास कर रहे हैं। हम आशा करते हैं की अधिक से अधिक खिलाड़ी इस शिविर में भाग ले कर इसका लाभ उठा सकें। एनटीपीसी लिमिटेड ने तीरंदाजी को बढ़ावा देने के लिए कॉर्पोरेट स्तर पर भारतीय तीरंदाजी संघ के साथ भी भागीदारी की है। कोरबा की पहल जिले में तीरंदाजी को बढ़ावा देने के लिए एक सार्थक पहल है। समापन समारोह में सीएसआर एनटीपीसी कोरबा से विरेन्द्र कुमार देशमुख, राजेन्द्र कुमार जोगी, गौ मुखी सेवाधाम प्रकल्प के डा् देवाशीष, स्कुल के शिक्षकगण ,ग्रामीण एवं ममता अभिभावक गण उपस्थित थे। शिविर के अगले क्रम में ग्राम लेमरू और अजगरबहार आदि स्थानों में तीरंदाजी प्रतिभा खोज का आयोजन किया जायेगा।

नगर पंचायत अध्यक्ष बने बुलडोजर बाबा अतिक्रमणकारियों की अब खैर नहीं

नगर विकास से कोई समझौता नहीं विकास हमारा लक्ष्य-फिरोज खान

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर पंचायत पांडातराई के अतिक्रमणकारियों में साफतौर पर भय दिखाई दे रहा है दरअसल इन दिनों नगर पंचायत पांडातराई को अतिक्रमणकारियों के अवैध कब्जे पर अब सीधा बुलडोजर चलाकर कार्रवाई की जा रही है जिससे आम जनों को आवागमन में सुविधा को मिलेगी , साथ ही दुर्घटनाओ को भी रोका जा सकेगा । हम आपको बता दें कि नगर पंचायत पांडातराई में कई विकास कार्य प्रस्तावित है जिसे लेकर शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाया जा रहा है । पिछले कई वर्षो से लोग मुख्य स्थानों पर अतिक्रमण कर के बैठे हुए थे लेकिन अब अतिक्रमणकारियों में बुलडोजर का भय बना हुआ है । इसके साथ ही आगे भी कार्रवाई की जाएगी जिसे पहले से ही तय कर लिया गया है और बहुत जल्द अतिक्रमणकारियों को अपने स्थान को छोड़कर भागना पड़ेगा । यहां अतिक्रमण विकास कार्यो के लिए अवरोधक की तरह साबित हो रहा था जिसके चलते नगर विकास में भी दिक्कते आ रही थी वही अब कार्यवाही के बाद अब बहुत जल्द नगर पंचायत विकास की ओर तेजी से अग्रसर होगा । जिसका पूरा लाभ आम जनता को मिल सकेगा वही आगे की कार्यवाही के लिए रूप रेखा भी तैयार की जा चुकी है।

ज्ञात हो की अतिक्रमणकारियो के विरूद्ध कड़ा रुख अपनाते हुए नगरपंचायत पांडातराई ने एक बार फिर बड़ी कार्यवाही की नगर के मुख्य मार्ग के कई स्थानों अतिक्रमण मुक्त कराया। बताना लाज़मी होगा कि नगर पंचायत पांडातराई के अस्तित्व में आने से पूर्व ही नगर के कई प्रमुख स्थानों पर लोगो द्वारा अवैधानिक कब्जा किया गया था जिसे नगर अध्यक्ष बनते ही फिरोज खान ने संज्ञान में लेते हुए उक्त स्थलों को चिन्हांकित कर उनको अतिक्रमण मुक्त कराने खुद को संकल्पित किया,जिसके तारतम्य में विगत 10 दिनों में अध्यक्ष फिरोज खान द्वारा विभिन्न स्थलों को जिन्हें विकास कार्यो के प्रयोजन में लिया जा सके अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया ।जिनमे मुख्यतः चौपाटी के लिए चिन्हांकित स्थल,मड़मडा मार्ग, चिकन दुकानों को जो मुख्य मार्ग पर संचालित थे प्रशासन और पुलिस के सहयोग से रिक्त कराया गया है । एक ओर जहां इन अतिक्रमण से बाधित रास्तो पर आवागमन सुगम होने से नगर सहित आस पास के राहगीर सहित गन्ना किसानो को अति प्रसन्न हैं, वही अध्यक्ष फिरोज खान को जनता बुलडोज़र बाबा के नाम से नई पहचान दे रहे हैं 15 वर्षो बाद बड़े पैमाने पर आवश्यक स्थलों के अक्रिमण मुक्त होने से आमजनों ने नगर अध्यक्ष को धन्यवाद दिया। साथ ही अध्यक्ष फिरोज खान ने बताया कि आने वाले समय मे जल्द से जल्द वार्ड क्रमांक 2,3 में कॉलेज पहुँच मार्ग एवम वार्ड 10 में भी अतिक्रमणकारियों से काबिज स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कराया जाना है जिससे विभिन विकास कार्यों को मूर्तरूप दिया जा सके।

कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्रों का किया आकस्मिक निरीक्षण

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर पीएस ध्रुव ने शुक्रवार को जिले में धान खरीदी के सुचारू संचालन का जायजा लेने धान उपार्जन केन्द्र नागपुर एवं धान उपार्जन केन्द्र बरबसपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। खरीदी केन्द्रों में व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए कलेक्टर श्री ध्रुव ने अपने समक्ष तौले गए धान का वजन परीक्षण करवाया। साथ ही धान खरीदी की अन्य व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। लापरवाही पाए जाने पर नागपुर खरीदी केंद्र में खरीदी प्रभारी राकेश कुमार को फटकार लगाई एवं खाद्य अधिकारी को निर्देशित किया कि तत्काल

कारण बताओ नोटिस जारी करें। इसी प्रकार उपार्जन केन्द्र बरबसपुर खरीदी प्रभारी श्री चन्द्र प्रकाश साहू को सही वजन में धान खरीदी करने किसानों की सुविधाओं का धान रखने तथा निर्धारित नमी मात्रा में ही धान खरीदी करने हेतु निर्देशित किया गया।

इस दौरान बताया गया कि जिले में अब तक कुल 8,202 किसानों ने कुल 381642.80 क्विंटल धान बेच है। उपार्जन केन्द्र नागपुर में कुल पंजीकृत 569 किसानो में से 319 किसानों से 14250.00 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है तथा किसानों के खाते में कुल 1.56 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान किया गया है। धान उपार्जन केन्द्र बरबसपुर में कुल पंजीकृत 853 किसानों में से 432 किसानों के द्वारा कुल 18362.40 क्विंटल धान की खरीदी किया गया जाकर कुल 36.72 करोड़ रुपए की राशि किसानों के खाते में अंतरित किया गया है। जिले में धान उठाव का प्रतिशत 69.87ः है जिले के कुल 23 धान उपार्जन केन्द्रों में प्राथमिकता से जारी कर धान का उठाव किया जा रहा है।

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने चार उपाध्यक्ष मनोनीत किए

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक इकाई नगरी की आवश्यक बैठक 22 दिसंबर गुरुवार को ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव की अध्यक्षता में तथा दिनेश साहू जिलाध्यक्ष वन कर्मचारी संघ की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ ।उक्त बैठक में फेडरेशन के कार्य विस्तार के मद्देनजर ब्लॉक उपाध्यक्ष के पद पर यशवंत कुमार साहू वन विभाग, मदन सेन पंचायत विभाग, विजय कुमार गेंडरे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी तथा तरुण कुमार साहू स्वास्थ्य विभाग का मनोनयन किया गया ।कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के नववर्ष मिलन एवम कैलेंडर विमोचन समारोह का आयोजन 9 जनवरी को करने का निर्णय लिया गया है।उक्त समारोह में ब्लॉक स्तर पर नव पदस्थ अधिकारी कर्मचारियों का स्वागत एवम सेवानिवृत्त कर्मचारी अधिकारियों का सम्मान किया जाएगा । बैठक के दौरान वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा किए गए हड़ताल अवधि का वेतन भुगतान नही होने पर आक्रोश जाहिर करते हुए फेडरेशन की ओर से पत्राचार कर उचित पहल करने का भी निर्णय लिया गया हैएवम खण्डस्तरीय परामर्शदात्री समिति के माध्यम से कर्मचारियों के समस्याओं का समाधान करने का पहल करने का निर्णय लिया गया है । उक्त बैठक में महेंद्र कुमार बोर्झाअध्यक्ष शिक्षक संघ, आरआर वर्मा अध्यक्ष लिपिक वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ,सुरेंद्र कुमार साहू अध्यक्ष कर्मचारी कांग्रेस, सचिव -गिरीश कुमार जायसवाल, प्रवक्ता -केपी साहू, आईटी सेल प्रभारी -देव प्रकाश ताम्रकार ,सहसचिव संजय रेड्डी,सुरेंद्र लोनहारे ,बी आर सीआर एल साहू, कृपा राम मरकाम, यशवंत साहू, निखिल मेश्राम, तरुण साहू, भूषण लाल साहू, भुनेश्वर साहू सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित थे।

पार्षद की मांग पर मुख्यमंत्री ने दिया सामुदायिक भवन की सौगात

पंडरिया/नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने नगर पंचायत पंडरिया के पार्षद पदमनी संजू तिवारी की मांग पर वार्ड क्रमांक 15 में सर्व समाज मांगलिक भवन निर्माण के लिए लागत राशि 19.50 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दिलाया।

नगर पंचायत पंडरिया वार्ड क्रमांक 15 की पार्षद पदमनी संजू तिवारी द्वारा अपने पत्र क्रमांक 150/22 दिनाँक 25 /03/ 2022 में प्रदेश के मुख्यमंत्री भुपेश बघेल से वार्ड क्रमांक 15 में सर्व समाज सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान करने की मांग की गई थी जिसके तारतम्य में कार्यालय मुख्यमंत्री निवास के पत्र क्रमांक 2500722003403/ मु.मं.नि./2022 रायपुर दिनाँक 26/03/2022 में संचालक संचालनालय नगरीय प्रशासन विभाग को लिखा गया कि पदमनी

संजू तिवारी पार्षद पंडरिया जिला कबीरधाम द्वारा मुख्यमंत्री को पत्र सौपकर नगर पंचायत पंडरिया वार्ड क्रमांक 15 में सर्व समाज सामुदायिक भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत करने मांग की गई है , मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार पत्र पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर कृत कार्यवाही से आवेदक को अवगत कराएंगे। जिसके अनुक्रम में कार्यालय मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत पंडरिया द्वारा कार्यालयीन पत्र क्रमांक 385 /न. पं./2022-23 पंडरिया दिनाँक 17/08/2022 में विधिवत प्रस्ताव तैयार कर संचालक संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास के समक्ष प्रस्तुत किया गया , जिसपर संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के पत्र क्रमांक 4627/चार/ले.अनु./2022-23 नवा रायपुर दिनाँक 03/11/2022 में नगर पंचायत पंडरिया वार्ड क्रमांक 15 में सर्व समाज सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 19 लाख 50 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। पदमनी संजू तिवारी पार्षद ने अपनी मांग पूरी होने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भुपेश बघेल, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया एवं केबिनेट मंत्री अकबर भाई के साथ पंडरिया विधायक ममता चन्द्राकर के प्रति आभार व्यक्त किया है।

99वें जन्मदिवस पर रफी साहब की याद में सजी सुरों की महफिल

भिलाई/नवप्रदेश। कालजयी पार्श्व गायक मो. रफी साहब को उनके 99वें जन्मदिवस पर भिलाई के रफी फैन्स ने स्वरांजलि दी. मेटर्जिकल म्यूजिक मेकर्स के संस्थापक ज्ञान चतुर्वेदी की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक रफी फैन शामिल हुए. संगीत प्रेमी भागवत टावरी की मेजबानी में आयोजित इस कार्यक्रम में देश विदेश में जाकर बस गए भिलायन्स ने अपनी भागीदारी दी. इस अवसर पर रफी फैन्स ने उनके जीवन से जुड़े अनेक संस्मरणों एवं प्रसंगों को भी याद किया.

इस सुरमयी महफिल में ज्ञान चतुर्वेदी के अलावा राजवीर सरन दास, राकेश झा, संदीप घुले, सतीश जैन, हरिन्दर सिद्धू, डॉ शशिभूषण साहू, भागवत टावरी, दीपक रंजन दास ने रफी साहब से गीतों को अपनी आवाज दी. भागवत टावरी ने 'आप के हसीन रुख पे आज नया नूर है', 'तुम कमसिन हो नादान हो' पेश किया. संदीप घुले ने 'मुझे दर्दे दिल का पता न था', 'मेरे महबूब तुझे मेरी मुहब्बत की कसम' की खूबसूरत प्रस्तुति दी.राजवीर सरन दास ने 'ये चांद सा रौशन चेहरा' और 'पुकारता चला हूं मैं..' को खूबसूरत अंदाज के साथ प्रस्तुत किया. 'मेरी मोहब्बत जवां रहेगी' और 'न झटको जुल्फ से पानी..' को अपनी पुरकशिश आवाज में ज्ञान चतुर्वेदी ने प्रस्तुत किया. हरिन्दर सिद्धू ने 'सुहानी रात ढल चुकी', सतीश जैन ने 'मैं कहीं कवि न बन जाऊं' और 'कई सदियों से, कई सदियों से' की शानदार प्रस्तुति दी. राकेश झा ने 'है दुनिया उसी की, जमाना उसी का' की सुन्दर प्रस्तुति दी. डॉ शशिभूषण साहू ने 'तुम मुझे यूं भुला न पाओगे' और 'नफरत की दुनिया को छोड़ कर प्यार की दुनिया में' तथा दीपक रंजन दास ने 'अकेले हैं चले आओ..' और 'आज मौसम है बड़ा बेईमान' की प्रस्तुति दी.

ज्ञान चतुर्वेदी ने 'ओ दुनिया के रखवाले, सुन दर्द भरे मेरे नाले' को अपनी पुरकशिश आवाज में हूबहू तार सप्तक में प्रस्तुत कर इस महफिल को मंजिल तक पहुंचा दिया. इस बीच राजवीर सरन दास ने रफी साहब से जुड़े अनेक जाने-अनजाने प्रसंग सुनाए. रफी साहब को कई गीत समर्पित कर चुके राजबीर रफी साहब के मुम्बई स्थित निवास का भी फेरा लगा चुके हैं. विभिन्न गीतों के रिकार्डिंग और दृश्यों से जुड़े प्रसंगों को भी उन्हें सबके साथ साझा किया. ज्ञान चतुर्वेदी ने बताया कि रफी साहब ने अपनी अंतिम सार्वजनिक प्रस्तुति 26 अप्रैल 1980 को दल्लीराजहरा में दी थी जिसे लाइव सुनने क सौभाग्य उन्हें मिला था. रफी साहब के जन्मदिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम एक यादगार शाम बन गई. प्रतिभागियों ने दीपक रंजन दास द्वारा तैयार की गई रफी साहब के जीवंत पोर्ट्रेट को भी सराहा तथा इसके साथ तस्वीरें भी खिंचवाई।

प्रथम पृष्ठ का शेष

एनएच पर पलटी...

हादसे में करीब 3 से 4 लोग घायल हुए हैं। जवानों ने घायलों को दंतेवाड़ा जिला अस्पताल रेफर किया। जहां उनका उपचार चल रहा है।

बस में सवार थे 20 से 25 यात्री : इस यात्री बस में करीब 20 से 25 यात्री सवार थे। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद कुछ यात्री अपना सामान लेकर अपनी सुविधा अनुसार चले गए। कुछ वहीं मौके पर ही थे। उन्होंने कहा कि, बस चालक को झपकी आ गई थी इसी वजह से हादसा हुआ है। हादसे की खबर लगते ही क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने यात्रियों से उनका हाल जाना। साथ ही घटना की वजह भी जानी। साथ ही घायलों का बेहतर उपचार हो इसके लिए उन्होंने डॉक्टरों से भी बातचीत की।

हारते-हारते जीती...

इन दोनों के अलावा ऋषभ पंत ने 9 रन जोड़े। बांग्लादेश से मेहदी हसन मिराज ने 5 विकेट लिए। कप्तान शाकिब अल हसन को 2 सफलताएं मिलीं। बांग्लादेश ने दूसरी पारी में 231 रन बनाते हुए भारत को जीत के लिए 145 रनों का टारगेट दिया था।

नए भारत में भुखमरी ...

राउत ने पार्टी के मुखपत्र 'सामना' में अपने साप्ताहिक कॉलम 'रोकटोक' में दावा किया कि यह मोदी का 'अपमान' है। उन्होंने कहा, 'नए भारत में भूख, गरीबी, बेरोजगारी और आतंकवाद के भूत सिर उठा रहे हैं, ऐसे में पीएम मोदी को नए भारत का राष्ट्रपिता कहना उनका अपमान है। दरअसल, अमृता फडणवीस ने हाल ही में इंटरव्यू में कहा था, 'हमारे पास दो राष्ट्र पिता हैं। नरेंद्र मोदी नए भारत के राष्ट्रपिता हैं और महात्मा गांधी पुराने समय के राष्ट्रपिता हैं।'

सावरकर को राष्ट्रपिता नहीं कहती भाजपा : शिवसेना उद्धव बाला साहेब ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने आरोप लगाया कि भाजपा में कोई भी (स्वतंत्रता सेनानी) वीर सावरकर के राष्ट्रपिता होने की बात नहीं करता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) हमेशा सावरकर का विरोध करता था। सावरकर ने कठोर कारावास का सामना किया। इन लोगों ने भारत को पुराने और नए में विभाजित किया है। बता दें, अमृता फडणवीस की टिप्पणी का विपक्षी कांग्रेस समेत महात्मा गांधी के प्रपौत्र तुषार गांधी ने भी विरोध करते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

सरकार ने राज्यपाल ...

इसके बाद सरकार ने विशेष सत्र बुलाकर आरक्षण पास कर दिया। लेकिन, उसमें आदिवासियों को आरक्षण बढ़ाने के साथ ही ओबीसी का आरक्षण बड़ाकर 27 फीसदी हो गया। विधानसभा में पारित विधेयक जब हस्ताक्षर के लिए राजभवन गया तो राज्यपाल ने दस्तखत करने से मना करते हुए कहा कि राज्य सरकार से 10 बिंदुओं में जानकारी मांगी गई और इसके जवाब आने के बाद ही आरक्षण संशोधन विधेयक पर राज्यपाल अनुसइया उइके ने हस्ताक्षर करने की बात कही। अब राज्य सरकार ने राज्यपाल द्वारा मांगी गई जानकारी दे दी है।

बाबा की जयंती में देखने को मिलता है सामाजिक एकता व भाई चारा : गुरुदयाल बंजारे

नवागढ़/नवप्रदेश । शनिवार को ग्राम लालपुर (हरदी) में गुरुघासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नवागढ़ विधायक व संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे बतौर मुख्यअतिथि के रूप में शामिल हुए। ग्रामवासियों ने मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत किया। जैत खाम के पूजा अर्चना कर मुख्य अतिथि के द्वारा जयंती का शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि गुरुदयाल सिंह बंजारे ने जयंती के इस अवसर पर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा की परम पूज्य गुरुघासीदास बाबा जी का जयंती हमे सही मायने में हमे 18 दिसम्बर को ही मनाना चाहिए पर आज गांवों में 18 दिसम्बर से लेकर पूरा महीना जयंती मनाया जाता है, पूरा महीना गुरु पर्व के रूप में मनाया जाता है। बाबा जी का स्मरण किया जाता है और यही वह अवसर होता है जिसमें सामाजिक एकता भाई चारा देखने को मिलता है पर आपसी भाई चारा के साथ साथ हमे अपने समाज में फैले कुरीतियों को दूर करना होगा। गुरुघासीदास बाबा जी के बताए रास्ते में चलना होगा उनके संदेश को आत्मसात करना होगा तभी बाबा जी के जयंती मनाने व उनके अनुयायी होने का सही मतलब होगा। बाबा जी के सिर्फ जयंती मनाने उनका पूजा करने बस से नही होता आने वाले पीढ़ी को उनके बताय सत्य और अहिंसा के मार्ग मे चलना होगा, उन्हें शिक्षित करना होगा तभी जाकर मानव समाज का कल्याण है। हम सभी को प्रतिवर्ष जयंती के अवसर में बाबा जी का स्मरण करके अपनी एक बुराई का त्याग करना चाहिए।

कार्यक्रम को नवागढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष तिलक घोष व रेखालाल घृतलहरे ने भी संबोधित किया। समाज के बुजर्गो का किया सम्मानजयंती के अवसर पर संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे ने ग्राम के बुजुर्गो का श्री फल साल से सम्मान कर आशीर्वाद लिया। ग्रामवासियों के मांग पर सतनामी समाज के लिए 6.50 लाख के सामुदायिक भवन की घोषणा संसदीय सचिव ने किया।

सार्वजनिक शौचालय का भूमिपूजन

जयंती के अवसर पर लालपुर में 4.40 लाख से बनने वाले सार्वजनिक शौचालय का भी भूमिपूजन संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे ने किया।कार्यक्रम में नैना कुर्रे, रामेश्वर साहू, , द्वारिका सोनवानी, लेखराम साहू, उमा देवी साहू, संतोषी साहू, अरविंद कुर्रे, अश्वनी बंजारा, दिलीप डहरिया, भगवती गायकवाड़, चोवाराम डहरिया, खेदू दिवाकर, लुपेश मारकंडे उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

दुश्मनों की खैर नहीं: पाकिस्तान सीमा पर बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रहा भारत, BSF बंकरों की भी हो रही किलेबंदी

नई दिल्ली(ए.)। भारत लगातार चीन और पाकिस्तान सीमा पर खुद को मजबूत कर रहा है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सीमा पर रक्षा बुनियादी ढ़ांचे में लगातार सुधार और विकास किया जा रहा है। वहीं, आधिकारिक सूत्रों ने भी बताया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच 2021 में सैन्य संघर्षविराम की घोषणा के बाद से भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने पाकिस्तान से लगी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सेना के टैंकों के लिए रैंप बनाने और बीएसएफ के बंकरों को मजबूत करने सहित रक्षा बुनियादी ढांचे में बड़ा सुधार किया है।

सूत्रों ने यह भी बताया कि बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण और कुछ नए निर्माण का पहला चरण हाल ही में पूरा किया गया है। पहले चरण के तहत रक्षा विकास कार्य जम्मू में मोर्चे के साथ 26 किलोमीटर की दूरी में किए गए हैं। वहीं, इसी इलाके में 33 किलोमीटर की सीमा में एक और काम कराया जा रहा है।

गौरतलब है कि भारत-पाकिस्तान 2,289 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करते हैं। इसमें से करीब 192 किलोमीटर लंबा सीमा क्षेत्र जम्मू में पड़ता है। वहीं, जम्मू से पहले सीमा देश के पश्चिमी भाग में गुजरात और राजस्थान से भी गुजरती है। वहीं, भारत और पाकिस्तान के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा (LOC) मुख्य रूप से कश्मीर में पड़ती है। कश्मीर में दोनों देश करीबन 772 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करते हैं।

सीमा पर किया जा रहा रक्षा बुनियादी ढांचे का विकास

पाकिस्तान के साथ मोर्चे पर किए गए रक्षा बुनियादी ढांचे में कई डीसीबी (खाई-सह-बंद) का निर्माण और

पुनर्निमाण, क्षतिग्रस्त सीमा बाड़ का रखरखाव, आगे के क्षेत्रों में सेना के टैंकों की आवाजाही के लिए रैंप का निर्माण, सीमा सुरक्षा बल 'मोर्चा' का विकास भी शामिल है। अधिकारियों ने कहा कि इसके साथ ही बंकर-निगरानी और अन्य सुरक्षा तंत्र की स्थापना के लिए स्थान का विकास भी किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि रक्षा बुनियादी ढांचे के विकास के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय से आवंटित किए गए धन से काम कराया जा रहा है।

बंकरों की हो रही किलेबंदी

बीएसएफके अधिकारियों ने यह भी बताया कि जम्मू क्षेत्र में सीमा चौकियों तक पहुंचने के लिए बीएसएफ के जवानों के वाहनों द्वारा उपयोग किए जाने वाले कच्चे रास्ते को समतल करने का काम भी किया जा रहा है। इसके साथ ही बीएसएफद्वारा कश्मीर क्षेत्र में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर इसी तरह का काम किया गया है। वहां बीएसएफ ने अपने सैनिकों के लिए 115 अग्रिम रक्षा स्थानों (एफडीएल) पर बंकरों को सीजीआई (नालीदार जस्ती लोहे) से सौर ऊर्जा से लैस और इस्पात से बने बंकरों में परिवर्तित कर रहा है।

बीएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सीमा पर किए जा रहे कामों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान द्वारा 20 फरवरी, 2021 को जम्मू और कश्मीर में मोर्चे पर अपने संघर्ष विराम समझौते को नवीनीकृत करने के बाद ये काम शुरू कराए गए थे। हाल ही में 26 किलोमीटर सीमा क्षेत्र में इसका पहले चरण पूरा किया गया है। वहीं, 33 किलोमीटर लंबे सीमा क्षेत्र में दूसरे चरण के तहत काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सीमा पर बाड़ के पास अगर कोई बड़ा काम होता है तो दोनों पक्ष एक दूसरे से इसके बारे में जानकारी साझा करते हैं।

नहीं हुई कोई बड़ी घटना

अधिकारियों ने यह भी बताया कि कुछ घटनाओं को छोड़ दिया जाए तो बीते साल का सैन्य संघर्ष विराम समझौता ठीक तरह से चल रहा है। उन्होंने बताया कि कुछ घटनाओं में पाकिस्तान द्वारा 6 सितंबर को जम्मू में अकारण गोलीबारी करने की घटनाएं शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि बंदूकों की खामोशी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर शांति बनाए रखने में मदद कर रही है। इतना ही नहीं सीमावर्ती निवासी और किसान अपना सामान्य काम निर्बाध रूप से कर रहे हैं। हालांकि अधिकारियों ने यह भी कहा कि वे पाकिस्तान द्वारा की जाने वाली अकारण गोलीबारी से डरते नहीं हैं और उनका जवाब देने में सक्षम हैं। गौरतलब है कि 772 किलोमीटर लंबी नियंत्रण रेखा पर सेना का पहरा है। बीएसएफ इस मोर्चे के लगभग 435 किलोमीटर हिस्से में अपनी परिचालन कमान के तहत तैनात है।

कोरोना रोकने के लिए केंद्र सरकार ने उठाए कई कदम

नई दिल्ली। चीन, जापान, ब्राजील, अमेरिका समेत कई देशों में संक्रमण तेजी से पांव पसारने लगा है। भारत में भी संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। दुनिया में बढ़ रहे मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार हरकत में आ गई है।

केंद्र सरकार ने कहा है कि अभी देश में हालात सामान्य है। लोगों को डरने की जरूरत नहीं है। सावधानी के साथ रहेंगे तो कोरोना फिर से नहीं बढ़ेगा। सरकार ने फिलहाल किसी तरह के लॉकडाउन पर विचार न करने की बात कही। वहीं, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (ढ्ढरू) के डॉक्टर अनिल गोयल ने भी कहा कि भारत में लॉकडाउन की जरूरत नहीं पड़ेगी। चीन की तुलना में भारत के लोगों की इम्यूनिटी ज्यादा स्ट्रॉन्ग है। भारत की 95 प्रतिशत आबादी में कोरोना के खिलाफ इम्यूनिटी बनी है, ऐसे में देश में लॉकडाउन नहीं लगेगा।

यूपी के मदरसों में शुक्रवार को रहेगा साप्ताहिक अवकाश

लखनऊ। राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी वर्ष 2023 के अवकाश कैलेंडर के अनुसार उत्तर प्रदेश के मदरसों में साप्ताहिक अवकाश शुक्रवार को भी रहेगा। साप्ताहिक अवकाश को शुक्रवार से रविवार करने के सुझाव पर जनवरी में किसी समय चर्चा होने की संभावना है। तब तक साप्ताहिक अवकाश शुक्रवार को रहेगा। मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष इफ्तिखार अहमद जावेद ने छुट्टियों का कैलेंडर जारी करने के बाद कहा कि मदरसों में साप्ताहिक अवकाश शुक्रवार को जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि वार्षिक कैलेंडर जारी कर दिया गया है जबकि शैक्षणिक कैलेंडर की घोषणा मार्च 2023 में की जाएगी। उन्होंने कहा कि 2023 में मदरसों में 75 छुट्टियां होंगी, जिनमें रमजान के 36 दिन और ईद-उल-फितर शामिल हैं। उत्तर प्रदेश अशासकीय अरबी और फारसी मान्यता प्रशासन एवं सेवा नियमन-2016 में संशोधन पर चर्चा के लिए पिछले सप्ताह मदरसा बोर्ड द्वारा बुलाई गई

सर्दी से सावधान! यूपी –बिहार से लेकर हरियाणा–पंजाब तक अगले 4 दिन पड़ेगी कड़ाके की ठंड, शीतलहर का अलर्ट

नई दिल्ली। शीतलहर और कुहासे के बीच आज पूरे देश में बड़े ही धूमधाम से क्रिसमस मनाया जा रहा है। दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के राज्यों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। दिल्ली में न्यूनतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। वहीं मौसम विभाग द्वारा 25 दिसंबर के लिए जारी अपडेट्स के मुताबिक, आज से लेकर अगले चार दिनों तक पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में कई जगहों पर घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। वहीं, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, बिहार, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, ओडिशा, असम और त्रिपुरा में अलग-अलग इलाकों में भी घना कोहरा छाने की संभावना है। उत्तर प्रदेश और उत्तरी राजस्थान में भी लोगो को कंपकपाती ठंड का सामना करना पर रहा है।

मौसम विभाग ने अगले 3 दिनों के दौरान उत्तर राजस्थान के अलग-अलग इलाकों में गंभीर शीतलहर की चेतावनी जारी की है। वहीं, अगले 24 घंटे के दौरान पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और हिमाचल प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में भी शीतलहर की स्थिति रहने की संभावना है।

देश की राजधानी दिल्ली में अगले दो दिनों तक गंभीर शीतलहर चलने की संभावना है। मौसम विभाग की एक रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली में 25 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 4 डिग्री के करीब रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान भी 19 डिग्री के आसपास रहेगी। आईएमडी ने कहा है कि ऐसी स्थिति 25 और 26 दिसंबर को बनी रहेगी।

कश्मीर में कड़ाके की ठंड बढ़ती जा रही है और घाटी के अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि, मौसम विभाग ने सोमवार से कुछ दिनों तक ठंड और शुष्क मौसम से राहत मिलने का अनुमान जताया है। अधिकारियों ने कहा कि श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 5.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि वार्षिक अमरनाथ यात्रा के एक आधार शिविर पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से 6.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। उत्तरी कश्मीर में बारामुला जिला स्थित पर्यटन स्थल गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से 6.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।

कश्मीर में 40 दिनों की कड़ाके की सर्दियों की अवधि के दौरान क्षेत्र में शीत लहर रहती है और तापमान में काफी गिरावट आती है, जिससे घाटी के कई हिस्सों में जलस्त्रोतों के साथ-साथ पाइप लाइन भी जम जाती हैं। इस अवधि के दौरान बर्फबारी की संभावना सबसे अधिक और अधिकतम होती है। अधिकांश क्षेत्रों, विशेष रूप से ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी बर्फबारी होती है।

बाघ ने नाबालिग लड़की को बनाया शिकार

बहराइच। बहराइच में चकिया वन परिक्षेत्र के पास एक बाघ ने 12 साल की एक बच्ची को मार डाला। जिगनिया गांव के तोताराम चौहान की बेटी अंजनी अन्य ग्रामीणों के साथ बकरियां चराने के लिए जंगल के पास सरयू नहर पर गई थी, तभी बाघ ने उस पर हमला कर दिया और जंगल में खींच ले गया। ग्राम प्रधान रईस खान ने कहा कि मोतीपुर पुलिस और वन विभाग को घटना की सूचना दे दी गई है। वन विभाग के अधिकारियों और पुलिस ने बाद में घटनास्थल से करीब 700 मीटर दूर क्षत-विक्षत शव को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वन अधिकारी प्रदीप सिंह ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता दी जाएगी।

मुंबई से लेकर चेन्नई तक, 10 ग्राफिक्स में देखें अगले सीजन कैसी हो सकती है 10 टीमों की प्लेइंग–11

नई दिल्ली। अगले सीजन के लिए अब सभी टीमें तैयार हैं। ऑक्शन में सभी 10 फ्रेंचाइजियों ने अपनी-अपनी टीम को पूरी करने के लिए कई स्टार खिलाड़ियों को अपनी टीम से जोड़ा। इसके लिए कुल 167 करोड़ रुपये खर्च हुए। ऑक्शन में 405 खिलाड़ियों में से 80 खिलाड़ी बिके, जिसमें से 29 विदेशी खिलाड़ी रहे। इंग्लैंड के सैम करन इतिहास रचते हुए आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे प्लेयर बन गए। उन्हें पंजाब किंग्स ने 18.5 करोड़ रुपये में खरीदा। वहीं, भारत की ओर से मयंक अग्रवाल सबसे ज्यादा रकम पाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद ने 8.25 करोड़ रुपये में खरीदा।

चेन्नई सुपर किंग्स ने इस ऑक्शन में सबसे महंगा खिलाड़ी इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स के रूप में खरीदा। वह चेन्नई टीम मैनेजमेंट का अहम हिस्सा बन सकते हैं। साथ ही टीम की

कप्तानी की जिम्मेदारी भी उन्हें दी जा सकती है। महेंद्र सिंह धोनी का यह आखिरी आईपीएल माना जा रहा है। ऐसे में स्टोक्स अहम भूमिका निभा सकते हैं। साथ ही जेमीसन भी टीम में अहम भूमिका निभा सकते हैं। ऑक्शन में खरीदेः बेन स्टोक्स (विदेशी ऑलराउंडर) 16.23 करोड़ रुपये, काइल जेमीसन (विदेशी गेंदबाज) एक करोड़ रुपये, निशांत सिंधु (भारतीय ऑलराउंडर) 60 लाख रुपये, अजिंक्य रहाणे (भारतीय बल्लेबाज) 50 लाख रुपये, भगत वर्मा (भारतीय ऑलराउंडर) 20 लाख रुपये, अजय मंडल (भारतीय ऑलराउंडर) 20 लाख रुपये, शेख रशीद (भारतीय बल्लेबाज) 20 लाख रुपये। रिटेन किए गए खिलाड़ीः एमएस धोनी, अंबाती रायुडू, दीपक चाहर, डेवोन कॉनवे, ड्वेन प्रिटोरियस, महेश तीक्ष्णा, मथीशा पथिराना, मिचेल सेंटनर, मोईन अली, मुकेश चौधरी, प्रशांत सोलंकी, राजवर्धन हंगरगेकर, रवींद्र जडेजा, ऋतुराज गायकवाड़, शिवम दुबे, सिमरजीत सिंह , सुभ्रांशु सेनापति, तुषार देशपांडे।

कोर्ट ने राहुल के खिलाफ अर्जी की स्वीकार

लखनऊ। लखनऊ की एक अदालत ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ एक शिकायत दर्ज की है। शहर के एक वकील नृपेंद्र पांडे ने अपनी अर्जी में कहा था कि भारत जोड़ो यात्र के दौरान राहुल गांधी ने सावरकर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की। न्यायाधीश अंबरीश कुमार श्रीवास्तव ने याचिका को स्वीकार करते हुए इसकी सुनवाई 9 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दिया। पांडेय ने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी ने 17 नवंबर को समाज में नफरत फैलाने की मंशा से विनायक दामोदर सावरकर को अंग्रेजों से पेंशन लेने की बात कही थी।

श्रीनगर में माइनस 5.8 डिग्री तक नीचे पहुंचा तापमान

श्रीनगर। श्रीनगर में रविवार को मौसम की अब तक की सबसे ठंडी रात शून्य से 5.8 डिग्री नीचे दर्ज की गई, क्योंकि इस साल कश्मीर घाटी में क्रिसमस पर बर्फबारी नहीं हुई। मौसम विभाग ने कहा है, श्रीनगर में आज न्यूनतम तापमान माइनस 5.8 के साथ इस सीजन की अब तक की सबसे सर्द रात दर्ज की गई। अगले 24 घंटों के दौरान जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में मुख्य रूप से साफ आसमान के साथ ठंडा, शुष्क मौसम रहने की संभावना है। श्रीनगर में आज न्यूनतम तापमान शून्य से 5.8, पहलगाम में शून्य से सात और गुलमर्ग में शून्य से 5.6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। लद्दाख क्षेत्र में कारगिल में न्यूनतम तापमान माइनस 12.4 और लेह में माइनस 14.5 रहा। जम्मू में 4.1, कटरा में 5.8, बटोटे में 0.6, बनिहाल में माइनस 0.3 और भद्रवाह में माइनस 1 न्यूनतम तापमान रहा।

आईपीएल में खरीदा इन तीन विदेशी खिलाड़ियों को महंगे दामों पर

नईदिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2023 की नीलामी 23 दिसंबर को कोच्चि में हुई और यह आईपीएल के इतिहास के तीन सबसे महंगे खिलाड़ियों - सैम कुरेन, कैमरून ग्रीन और बेन स्टोक्स के रूप में एक

बड़ा अवसर साबित हुआ। जबकि यह उम्मीद की जा रही थी कि तीनों बड़ी रकम लाएंगे, कुछ अन्य लोग भी थे जो नीलामी में चुने गए, जो आश्चर्यजनक थे, कम से कम कहने के लिए। वीरेंद्र सहवाग के भतीजे मयंक डागर को सनराइजर्स हैदराबाद (स्क्र॥) ने 1.8 करोड़ रुपये में खरीदा। वह पहले पंजाब किंग्स के लिए खेल चुके हैं लेकिन उनकी कीमत थोड़ी चौंकाने वाली थी। बांग्लादेश के स्टैंड-इन कप्तान लिटन दास, जिन्होंने हाल ही में समाप्त हुई सीरीज के लिए तमीम इकबाल की जगह ओडीआई कप्तान के रूप में काम किया, ने खुद का अच्छा खाता दिया, और इस तरह कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए एक कदम अर्जित किया।ज़िम्बाब्वे के हरफनमौला सिकंदर रज़ा 2022 के प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद पहली बार आईपीएल में नज़र आएंगे। डेविड विसे के पास टी20 वर्ल्ड कप 2022 में नामीबिया के साथ शानदार समय था क्योंकि उन्होंने श्रीलंका की पसंद को हराया और इस तरह खुद को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) में स्थानांतरित कर लिया, उन्हें अंततः 1 करोड़ रुपये की कीमत पर चुना गया।

शाहिद अफरीदी बने चयन समिति के अंतरिम अध्यक्ष

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी को राष्ट्रीय चयन समिति का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया है। पीसीबी ने शनिवार को यहां जारी विज्ञप्ति में बताया कि अब्दुल रज्जाक और राव इफ्तिखार अंजुम समिति के अन्य सदस्य हैं, जबकि हारून राशिद संयोजक होंगे। यह चयन समिति केवल न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी घरेलू शृंखला के लिये नियुक्त की गयी है। इस समिति के ऊपर मोहम्मद वसीम के नेतृत्व वाले पैनल द्वारा चयनित टेस्ट टीम की समीक्षा की जिम्मेदारी होगी। पीसीबी अध्यक्ष सेठी ने कहा, मैं अंतरिम राष्ट्रीय चयन समिति का स्वागत करता हूं और इसमें कोई संदेह नहीं है कि सीमित समय के बावजूद वे साहसी निर्णय लेंगे जो हमें न्यूजीलैंड के खिलाफ शृंखला में एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी टीम बनाने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा, शाहिद अफरीदी एक आक्रामक क्रिकेटर रहे हैं, जिन्होंने अपने करियर के दौरान बिना किसी डर के क्रिकेट खेला। उनके पास लगभग 20 वर्षों का अनुभव है।

उन्होंने सभी प्रारूपों में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने हमेशा युवा प्रतिभाओं का समर्थन किया है। इसलिए हमारी सामूहिक राय में, आधुनिक समय के खेल की मांगों और चुनौतियों को समझने के लिये उनसे बेहतर कोई व्यक्ति नहीं है। उल्लेखनीय है कि सेठी की नयी प्रबंध समिति ने गुरुवार को पदभार ग्रहण करने के एक दिन बाद ही 2019 के पीसीबी संविधान के तहत गठित सभी समितियों को भंग कर दिया था, जिसमें मोहम्मद वसीम की चयन समिति भी शामिल थी। अफरीदी को मूल रूप से प्रबंधन समिति में शामिल किया गया था लेकिन उन्होंने यह कहते हुए इसे छोड़ दिया कि वह अपने चैरिटेबल फाउंडेशन पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। अफरीदी ने चयनकर्ता समिति का अध्यक्ष बनने के बाद कहा, मैं पीसीबी प्रबंधन समिति द्वारा यह जिम्मेदारी सौंपे जाने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं और अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमताओं के साथ इस जिम्मेदारी को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा।

उन्होंने कहा, हमें अपने जीत के रास्ते पर वापस आने की जरूरत है और मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि सही और रणनीतिक चयन निर्णयों के माध्यम से हम न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में मजबूत प्रदर्शन करने और अपने प्रशंसकों के विश्वास को दोबारा हासिल करने में राष्ट्रीय टीम की मदद करेंगे। अफरीदी ने 1996 से 2018 तक 27 टेस्ट, 398 वनडे और 99 टी20 खेले जिसमें उन्होंने कुल 11,196 रन बनाये और 541 विकेट लिये। उन्होंने 83 अंतरराष्ट्रीय मैचों में राष्ट्रीय टीम की कप्तानी भी की।

अफरीदी के साथी अब्दुल रज्जाक ने 17 साल के करियर में 343 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलकर 7,419 रन बनाये और 389 विकेट लिये। अफरीदी और अब्दुल रज्जाक टी20 विश्व कप 2009 जीतने वाली पाकिस्तान टीम का हिस्सा थे। राव इफ्तिखार ने एक टेस्ट, 62 एकदिवसीय और दो टी20 मैचों में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया है।

व्यवसायी के अपहरण में एक कांस्टेबल समेत दो अन्य गिरफ्तार

कानपुर/नवप्रदेश। एक बुजुर्ग व्यवसायी को फिरौती के लिए अगवा करने और रुपये नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक पुलिस कांस्टेबल समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कांस्टेबल की पहचान फील खाना थाने में तैनात 37 वर्षीय मुकेश कुमार के रूप में हुई है। कांस्टेबल के सहयोगी किदवई नगर इलाके के एक चाय विक्रे ता 40 वर्षीय शालू नंदा को भी गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) प्रमोद कुमार ने कहा कि, शालू को करीब दो साल पहले विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) के तौर पर नामित किया गया था। घटना में शामिल दो अन्य कोतवाली थाने में तैनात हेड कांस्टेबल अमित कुमार व उसका सहयोगी मोनू उर्फ बॉक्सर फरार है। पुलिस अधिकारी के अनुसार यह तब हुआ जब पीड़ित रघुवीर चंद्र कपूर गोविंद नगर में अपनी किराने की दुकान पर थे। डीसीपी ने कहा कि, खाकी रंग के दो व्यक्ति सिलवर कलर की कार में पहुंचे। उन्होंने दावा किया कि वे स्पेशल टास्क फोर्स से थे और कपूर को जबरन कार में बिठाकर ले गए। इसके तुरंत बाद कपूर के भतीजे पंकज कपूर को मोनू से फिरौती का फोन आया, जिसे वह जानता था। उसने चाचा को छुड़ाने के लिए पंकज से 35 हजार रुपये मांगे।

पंकज ने तुरंत पुलिस को सूचित किया और उन्हें फिरौती की कॉल के बारे में बताया।

डीसीपी ने कहा, हमने कॉल का पता लगाया और कार में मौजूद दो कांस्टेबलों की पहचान स्थापित की। उनमें से एक मुकेश पर दो साल पहले इसी तरह के मामले में मामला दर्ज किया गया था। उसे पकड़ लिया गया था, लेकिन अमित कुमार फरार है। मुकेश के शामिल होने की बात कहने पर शालू को गिरफ्तार किया गया। डीसीपी ने कहा कि दोनों कांस्टेबलों की सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी।

हार्दिक पंड्या के नेतृत्व में खेलने को लेकर उत्साहित हैं जोश लिटिल

डबलिन। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अनुबंध हासिल करने वाले आयरलैंड के पहले खिलाड़ी तेज गेंदबाज जोश लिटिल ने इसे अविश्वसनीय अवसर' करार दिया तथा कहा कि वह भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और मुख्य कोच आशीष नेहरा के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं।

मौजूदा चैंपियन गुजरात टाइटन्स ने कोच्चि में हुई आईपीएल नीलामी में 23 वर्षीय लिटिल को चार करोड़ 40 लाख रुपए में खरीदा था। टाइटंस ने हार्दिक की अगुवाई और पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज नेहरा के कोच रहते हुए

अपने पदार्पण सत्र में ही आईपीएल का खिताब जीता था। लिटिल ने क्रिकेट आयरलैंड के बयान में कहा, मैं बहुत खुश हूं कि मुझे मौजूदा चैंपियन गुजरात टाइटंस ने अनुबंधित किया है। मैं इतनी शानदार टीम में हार्दिक पंड्या के नेतृत्व में खेलने को लेकर उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, मैं कोच आशीष नेहरा के साथ काम करने को लेकर भी उत्साहित हूं और टाइटंस के प्रबंधन को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने 2016 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था और उन्होंने अभी तक 22 वनडे और 53 टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेले हैं। लिटिल ने कहा, मुझे आयरलैंड की तरफ से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलना पसंद है और यह हमेशा मेरी प्राथमिकता रहेगा, लेकिन आईपीएल में खेलना और वहां सीखना अविश्वसनीय अवसर होगा। मैं इसमें मेरा समर्थन करने के लिए क्रिकेट आयरलैंड का आभार व्यक्त करता हूं। लिटिल ने पिछले साल चेन्नई सुपर किंग्स के लिए नेट गेंदबाज की भूमिका निभाई थी। क्रिकेट आयरलैंड के हाई परफॉर्मेंस' निदेशक रिचर्ड होल्ड्सवर्थ ने कहा, हमें जोश के लिए खुशी है और उन्हें अगले साल के आईपीएल के लिए शुभकामनाएं देते हैं। जोश कड़ी मेहनत करने वाला और प्रतिबद्ध क्रिकेटर है जो कि आयरिश व्यवस्था में आगे बढ़ा है।

4 खुशहाल साल

गोधन न्याय योजना

छत्तीसगढ़ गोधन न्याय योजना

गोबर एवं गौमूत्र से संवरती ग्रामीण अर्थव्यवस्था

192.86 करोड़ रु
ग्रामीणों और पशुपालकों को भुगतान राशि

169.41 करोड़ रु
गौठान समितियों और महिला स्व-सहायता समूहों को लाभांश की राशि

20.27 लाख क्विंटल
वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन

16.41 लाख क्विंटल
वर्मी कम्पोस्ट का विक्रय

संवाद - 34699



श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

योजना के तहत 4 रु लीटर पर गौमूत्र की खरीदी

गौमूत्र बना जैविक खेती के लिए ब्रह्मास्त्र

अब तक 75,000 लीटर गौमूत्र की खरीदी

24,547 लीटर ब्रह्मास्त्र और

16,722 लीटर जीवामृत तैयार

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in